इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड) 9425500166



वर्ष- 43 अंक -272 राजनांदगांव, बुधवार 21 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केसः सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को लगाई फटकार



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के रेप और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को फटकार लगाई। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले की जांच के लिए टास्क फोर्स गठित करने का आदेश दिया। कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने में हुई देरी करने को लेकर भी सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा, 'जब शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया था, तो एफआईआर तीन घंटे बाद क्यों दर्ज की गई? सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कोलकाता पुलिस और अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल उठाए।

चीफ जस्टिस ने कहा, 'अस्पताल के प्रिंसिपल क्या कर रहे थे? एफआईआर दर्ज नहीं हुई, शव को माता-पिता को देर से सौंपा गया। पुलिस क्या कर रही थी? यह एक गंभीर अपराध है, और अपराध स्थल एक अस्पताल है, तो वे क्या कर रहे थे? वैंडल्स को अस्पताल में क्यों प्रवेश करने दिया गया?

## पूछा- अंतिम संस्कार के 3 घंटे बाद क्यों दर्ज हुई एफआईआर

### पोस्टमार्टम और एफआईआर की टाइमलाइन पर उठे सवाल

जस्टिस जेबी पारदीवाला ने एफआईआर दर्ज करने की टाइमलाइल पर सवाल उठाते हुए पूछा, 'एफआईआर दर्ज करने वाला पहला सूचनार्थी कौन था? एफआईआर दर्ज करने का समय क्या था?' इस पर पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कपिल सिब्बल ने बताया कि पहले सूचनार्थी मृतक के पिता थे, जिन्होंने रात 11:45 बजे एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद अस्पताल के वाइस प्रिंसिपल ने भी एफआईआर दर्ज कराई।

### प्रिंसिपल संदीप घोष को कहीं नहीं नियुक्त किया जाए- सुप्रीम कोर्ट

आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष ने इस घटना के दो दिन बाद ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इसके बाद उन्हें दूसरी मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल के पद पर नियुक्त कर दिया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी आपत्ति जताई। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि जब तक आगे का आदेश नहीं आता, संदीप घोष को किसी भी अन्य मेडिकल कॉलेज में नियुक्त न किया जाए।

### सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों की सुरक्षा पर जताई चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर के मामले की सुनवाई के दौरान देशभर के डॉक्टरों से हड़ताल खत्म करने की अपील की। अदालत ने कहा, हम चाहते हैं कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अजमेर सेक्स स्कैंडल : 32 साल पहले 100 छात्रों से गैंग रेप का मामला; 6 दोषियों को उम्रकैद और 5-5 लाख का जुर्माना



नई दिल्ली। अजमेर में आज से 32 साल पहले हुए देश के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल कांड के छह दोषियों को जिला अदालत ने मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों पर पांच-पांच लाख का जुर्माना भी लगाया है। साल 1992 में स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली 100 से ज्यादा छात्राओं से गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट होने पर तहलका मच गया था। कई लड़कियों ने बदनामी के डर से सुसाइड कर ली थी। इसके बाद उस वक्त की भैरोसिंह सरकार ने इस मामले की जांच सीआईडी-सीबी को सौंपी थी।

### अजमेर केस में 6 आरोपी थे?

अजमेर गैंगरेप और ब्लैकमेल कांड में इससे पहले अदालत ने 60 वर्षीय सैयद जमीर हुसैन, 55 वर्षीय नसीम उर्फ टार्जन, 55 वर्षीय सलीम चिश्ती, 54 वर्षीय नफीस चिश्ती, 53 वर्षीय सोहेल गनी, 52 वर्षीय इकबाल खान को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषियों को सजा स्पेशल पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने सुनाई है। इस दौरान सभी आरोपी अदालत में मौजूद थे।

स्कैंडल के वक्त इन सभी आरोपियों की उम्र 20 से 28 साल के आसपास थी। इस मामले में कुल 18 आरोपी थे, जिनमें से चार पहले ही सजा भुगत चुके और चार को कोर्ट ने बरी कर दिया था। एक ने केस के दौरान 30 साल पहले सुसाइड कर ली थी। दो पर अभी केस चल रहा है और एक आरोपी फरार है।


### अजमेर सेक्स स्कैंडल कांड क्या था?

1990 से 1992 की बात है। अजमेर के रसूखदार रईसजादों ने अलग-अलग स्कूल कॉलेजों में पढ़ने वाली 17 से 20 साल की 100 अधिक छात्राओं को तरह-तरह से जाल में फंसाया। उनकी न्यूड फोटो खींची। फिर ब्लैकमेल कर कई-कई बार उनका गैंगरेप किया गया था।

### कैसे सर्कुलेट हुई न्यूड फोटो

सेक्स स्कैंडल कांड में शामिल दोषी लड़कियों की न्यूड फोटो के नेगेटिव व हार्ड कॉपी निकलवाने के लिए फोटो स्टूडियो/प्रिंटिंग प्रेस जाते थे। इन दुकान पर काम करने वाले लड़कों को लालच आ गया। उन्होंने न्यूड फोटोज की सैकड़ों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वंचित वर्ग, आदिवासी संगठनों ने आज भारत बंद का किया ऐलान




नई दिल्ली। दलित और आदिवासी संगठनों ने हाशिए पर मौजूद समुदायों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सुरक्षा की मांग को लेकर बुधवार को भारत बंद का आह्वान किया है। दलित और आदिवासी संगठनों के राष्ट्रीय परिसंघ (एनएसीडीएओआर) ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए न्याय और समानता सहित मांगों की एक सूची जारी की है। एनएसीडीएओआर ने सुप्रीम कोर्ट की सात न्यायाधीशों वाली पीठ के हालिया फैसले पर विरोधात्मक रुख अपनाया है। उनके अनुसार, यह फैसला इंदिरा साहनी मामले में नौ न्यायाधीशों वाली पीठ के पहले के फैसले को कमजोर करता है, जिसने भारत में आरक्षण के लिए रूपरेखा स्थापित की थी। एनएसीडीएओआर ने सरकार से इस फैसले को खारिज करने का आग्रह किया है।

एससी और एसटी के संवैधानिक अधिकारों पर होगा खतरा

परिसंघ ने कहा कि यह फैसला एससी और एसटी के संवैधानिक अधिकारों को खतरे में डालता है। संगठन एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर संसद के एक नए अधिनियम को लागू करने का भी आह्वान कर रहा है, जिसे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आरक्षण विवाद के बाद मोदी सरकार का यू-टर्न, लेटरल एंट्री भर्ती के विज्ञापन पर लगाई रोक

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने देश की में हाई ब्यूरोक्रेट्स के 45 पदों के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती के विज्ञापन को रद्द कर दिया है। इस भर्ती पर विपक्ष ने सवाल उठाए थे और इसे आरक्षण को खत्म करने की कोशिश बताया था। इसी विवाद के बाद मोदी सरकार ने यह फैसला लिया है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर लिया गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी चेयरमैन को इस संबंध में चिट्ठी लिखा है।

### 0 राहुल गांधी का विरोध और लेटरल एंट्री विवाद

बता दें कि राहुल गांधी ने कहा था कि लेटरल एंट्री के माध्यम से सरकार एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों के अधिकार छीन रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार आरएसएस के लोगों को सरकारी पदों पर भर्ती कर रही है। दूसरी ओर कानून मंत्री



अर्जुन राम मेघवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि लेटरल एंट्री की शुरुआत कांग्रेस ने की थी। मनमोहन सिंह, मोंटेक सिंह आहलूवालिया और सोनिया गांधी को भी लेटरल एंट्री के माध्यम से नियुक्त किया गया था।

### 0 कांग्रेस ने बीजेपी की आरक्षण विरोधी योजनाओं को रोका- खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लेटरल एंट्री के फैसले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भाजपा की आरक्षण विरोधी योजनाओं को रोक दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह निर्णय संविधान की शक्ति को दर्शाता है, जो तानाशाही सत्ता के अहंकार को पराजित कर सकता है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी।

### 0 लेटरल एंट्री पर राहुल गांधी का हमला

राहुल गांधी ने लेटरल एंट्री को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लेटरल एंट्री के माध्यम से मोदी सरकार एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के अधिकार छीनने का काम कर रही है।

यह संविधान पर सीधा हमला है। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकारी पदों पर आरएसएस के लोगों को नियुक्त किया जा रहा है, जो संविधान का उल्लंघन है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम साय की पहल : विशेष पिछड़ी जातियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के चलेगा विशेष अभियान



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहल पर छत्तीसग? में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल बसाहटों में राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलेगा। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा द्वारा राज्य के 18 जिलों में आगामी सितम्बर माह में मेगा इवेंट और आईईसी कैंपेन चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सितंबर 2024 के प्रथम सप्ताह में ऐसे आयोजनों में वर्चुअल रूप से शामिल होकर विशेष पिछ?ी जनजाति परिवारों के साथ संवाद करेंगे।

### राष्ट्रीय मेगा इवेंट में शामिल होगें पीएम मोदी

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय मेगा इवेंट में शामिल होंगे। यह ईवेंट पीएम जनमन योजना के तहत झारखंड में आयोजित किए जा रहे हैं। देश के सभी पीवीटीजी बसाहट वाले जिलों को संबोधित करते हुए टू वे कनेक्टिविटी के माध्यम से संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि, छत्तीसगढ़ में विशेष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भाजपा ने राज्यसभा उपचुनाव के लिये नौ सीटों के लिए की उम्मीदवारों के नामों की घोषणा



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनावों के लिए मंगलवार को आठ राज्यों से नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पार्टी ने असम में मिशन रंजन दास, रामेश्वर तेली, बिहार में मनन कुमार मिश्र, हरियाणा में श्रीमती किरण चौधरी, मध्यप्रदेश में जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र में धैर्यशील पाटिल और ओडिशा में श्रीमती ममता मोहंता को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा पार्टी ने राजस्थान में सरदार रवनीत सिंह बिट्टू और त्रिपुरा में राजीब भट्टाचार्जी को उम्मीदवार घोषित किया है।

उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने नौ राज्यों की 12 सीटों के लिए तीन सितंबर को चुनाव कराने की अधिसूचना जारी की है। इन चुनाव में असम, बिहार और महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए क्रमशः दो-दो सीटों, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा से क्रमशः एक-एक सीट के लिए चुनाव होने हैं। असम में कामाख्या प्रसाद ताशी और सर्वानंद सोनोवाल, बिहार में मीसा भारती और विवेक ठाकुर, हरियाणा में दीपेंद्र हुड्डा, मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाराष्ट्र में छत्रपति उदय राजे भोसले, पीयूष गोयल, राजस्थान में केसी वेणुगोपाल और त्रिपुरा में विप्लव कुमार देव के लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के कारण राज्यसभा की सीटें खाली हुयीं हैं। चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 14 अगस्त को जारी की थी और इसके लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त तक है।

# छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के नए अध्यक्ष होंगे मुख्यमंत्री साय



## पूर्व सीएम भूपेश बघेल को हटाया

रायपुर। सीओओ के वर्तमान अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी का कार्यकाल आज खत्म हो गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन (सीओए) के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए सहमति दे दी है। सीएम के इस फैसले से भूपेश बघेल को बड़ा झटका लगा है।

बता दें कि अब सीएम साय की सहमति के बाद भूपेश बघेल का हटना तय हो गया है। सीएम की स्वीकृति के बाद भूपेश बघेल अब सीओए से बाहर हो जाएंगे। भूपेश बघेल का कार्यकाल 20 अगस्त 2024 यानी की आज के दिन खत्म हो रहा है। अब इसकी जिम्मेदारी खुद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संभालेंगे।

सोमवार को छत्तीसगढ़ खेल संघ के अधिकारियों ने सीएम साय से मुलाकात की थी जिसके बाद सीएम ने स्वीकृति दी है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में ओलंपिक एसोसिएशन के गठन काल से अध्यक्ष, मुख्यमंत्री ही बनते रहे हैं।

# बदलापुर स्कूल यौन शोषण मामलाः सीएम एकनाथ शिंदे ने दिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई के आदेश, 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड



मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिला स्थित बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बच्चियों के अभिभावकों ने स्कूल के सामने एकत्र होकर वहां तोड़फोड़ और पथराव किया। यह सब कुछ चल ही रहा था कि इस घिनौनी वारदात के विरुद्ध अभिभावकों को आम नागरिकों का भी साथ मिल गया और कुछ ही समय में अभिभावकों का साथ देने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट गए।

### 12 ट्रेनों के बदले रूट, 30 लोकल ट्रेनें रद्द

ठाणे जिले के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को हुए विरोध प्रदर्शन के कारण मार्ग पर रेल सेवाएं बाधित हुईं, जिसके कारण 12 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा और 30 लोकल ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करना पड़ा।

बदलापुर के निवासियों ने पिछले सप्ताह हुई दो नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। माता-पिता को 18 अगस्त को घटना के बारे में पता चला और उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई। बदलापुर स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन के कारण लोकल ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है। सभी ने बदलापुर रेलवे स्टेशन की ओर रुख किया और वहां पहुंचकर रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इसके चलते काफी देर तक लोकल और लंबी दूरी की ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा।

रेलवे पुलिस को प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए हल्के बल का प्रयोग करना पड़ा। बदलापुर पुलिस थाने के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

दूसरी ओर स्कूल प्रबंधन ने भी स्कूल के प्राचार्य, क्लास टीचर एवं एक महिला (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईडी, ईओडब्ल्यू व एसीबी के खिलाफ दायर सभी 13 याचिकाओं ने हाईकोर्ट ने किया खारिज

बिलासपुर। प्रदेश के चर्चित शराब घोटाला मामले में फंसे सभी आरोपियों की याचिकाओं को हाईकोर्ट ने एकसाथ खारिज कर दिया है। फैसले के बाद पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, अनवर ढेबर और विधु गुप्ता सहित सभी आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बता दें कि लिकर स्कैम में फंसे सभी आरोपियों ने ईडी, एसीबी, और ईओडब्ल्यू की एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

याचिका में एफआईआर खत्म करने की मांग की गई थी। मिली जानकारी के मुताबिक बीते कांग्रेस सरकार में अनवर ढेबर ने अपनी पहुंच का इस्तेमाल करते हुए अरुणपति त्रिपाठी को सीएसएमसीएल एमडी नियुक्त कराया, इसके बाद अधिकारी, कारोबारी, राजनीतिक रसूख वाले लोगों के सिंडिकेट के जरिए 2161 करोड़ रुपए का घोटाला किया गया। एसीबी और ईओडब्ल्यू की एफआईआर ईडी की जांच में मिले सबूतों के आधार पर दर्ज हुई है। दरअसल, शराब घोटाले को लेकर एसीबी और ईओडब्ल्यू ने अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा, अनवर ढेबर, विधु गुप्ता, निरंजन दास और एपी त्रिपाठी के खिलाफ दर्ज की है। अपने खिलाफ की गई एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर सभी आरोपियों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की थी।बीते 10 जुलाई को सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था,जिस पर आज मंगलवार को फैसला आया है।

# गिरफ्तारी पर सियासत : रायपुर जेल में देवेंद्र यादव से मिले कांग्रेस के 5 विधायक, बघेल बोले- धोखे से किया गिरफ्तार

रायपुर। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव 7 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए हैं। मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उनकी पेशी हुई। वहीं देवेंद्र यादव ने दुर्ग भिलाई का रीजनल पेपर और रोजाना वकील से मुलाकात/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की मांग की, इसे भी जज ने मंजूर किया है।

विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत विधायकों के साथ जेल पहुंचे। उन दोनों के साथ 3 और विधायकों ने मुलाकात की। मुलाकात के बाद भूपेश बघेल ने प्रदेश सरकार पर देवेंद्र यादव को धोखे से गिरफ्तार करने का बड़ा आरोप लगाया है। श्री बघेल ने कहा कि, देवेंद्र ने बताया है उसे स्नढ्ढक्र की कॉपी नहीं दी गई है। न ही बताया गया है कि, किस अपराध में उसे गिरफ्तार किया गया है। देवेंद्र को जितनी भी नोटिस मिली वो धारा 160 के तहत थी, जो




गवाही के लिए होती है। गवाही देनी है, यह कहकर पुलिस देवेंद्र को ले गई।

### महंत बोले- सीएम के निर्देश के बाद 5 लोगों को दी गई अनुमति

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि, हम यहां मिलने के लिए आए थे। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर 5 से ज्यादा लोगों को मिलने नहीं दिया गया। हम 5 लोग मैं, भूपेश बघेल, रविंद्र चौबे, उमेश पटेल और लालजीत सिंह राठिया को अनुमति दी गई। विधायकगण को चिंता थी कि देवेंद्र को देखें, लेकिन उन्हें नहीं जाने दिया गया। भूपेश बघेल ने कहा कि 5-5 करके सबको मिला दो, लेकिन उन्हें तब भी नहीं जाने दिया गया। इस तरह साय जी का प्रशासन यहां भी चुस्त है। हम लोगों ने सलाह दी है कि, न्याय के तरीके से मामले से निपटें। कांग्रेस प्रयास करेगी कि इस न्याय के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे और आने वाले दिनों में राज्यपाल से मिलेंगे। कांग्रेस प्रयास करेगी कि इस अन्याय के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे और आने वाले दिनों में राज्यपाल से मिलेंगे।

### पूर्व मंत्री पटेल बोले- बिना बताये किया गया गिरफ्तार

रायपुर सेन्ट्रल जेल पहुंचे कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि, देवेंद्र यादव को नोटिस दिया गया था। उनकी गिरफ्तारी किस लिए की गई है, अभी तक बताया नहीं गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर आ रहे, अफसरों की लेंगे बैठक



रायपुर (दावा)। देश की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 23 अगस्त को तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर आ रहे हैं। जहां वे नक्सल प्रभावित राज्यों के अफसरों की बैठक ले सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री श्री शाह बीएसएफ के विशेष विमान से 23 अगस्त की रात करीब साढ़े 10 बजे रायपुर पहुंचेंगे। जहां वे नया रायपुर के में फेयर होटल में रुकेंगे। सुबह 10 बजे वे एयरपोर्ट लौटेंगे और हेलीकॉप्टर से चम्पारण जाएंगे। जहां वल्लभाचार्य आश्रम में दर्शन करने के बाद दोपहर करीब 12 बजे नवा रायपुर लौटेंगे।

जहां होटल फेयर में ही दोपहर 12 बजे से बैठकों का दौर शुरू होगा। जिसमें वे छत्तीसगढ़ और इसके पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान वे नक्सल उन्मूलन और प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों पर डिटेल में बात होगी। दोपहर 2 बजे वे छत्तीसगढ़ पुलिस की बैठक लेंगे। वहीं रात में वे अलग-अलग राज्यों के डीजीपी के साथ वन टू वन बैठक करेंगे। 25 अगस्त की सुबह शाह 11 बजे राष्ट्रीय क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीबी) के ब्रांच कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वहीं समीक्षा बैठक भी होगी

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह दोपहर 2 बजे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कम्प्यूटर क्रांति व त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनक है राजीव गांधी- कुलबीर

**कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा कर देश की एकता और अखंडता की ली शपथ**



**वृद्धाश्रम में फल वितरण व पौधरोपण कर कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी का किया स्मरण**

राजनांदगांव (दावा)।21वीं सदी के आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, दूरसंचार, सूचना एवं कम्प्यूटर क्रांति, पंचायती राज के जनक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का मंगलवार 20 अगस्त को 80वां जन्मदिवस पर 'सद्भावना दिवस' पर उनके जीवन पर संगोष्ठी सभा एवं विचार गोष्ठी पूर्व मंत्री धनेश पाटिला के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम स्व. राजीव गांधी के तैलचित्र पर पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी को नमन करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश के लिए जो कार्य किया है वह अतुलनीय है उसे भुलाया नहीं जा सकता चाहे वह दूरसंचार, सूचना क्रांति, शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया वह उल्लेखनीय है यहां तक 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का हक दिलाया है ताकि देश के विकास में युवाओं का ज्यादा से ज्यादा योगदान हो, वहीं पंचायती राज के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्व. राजीव गांधी के जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी के समावेशी विकास की दूरदर्शितापूर्ण सोच के साथ त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था, संचार क्रांति एवं युवाओं को मतदान का अधिकार जैसे निर्णयों से उन्होंने 21वीं सदी के भारत की नींव रखी।

स्व. राजीव गांधी की दूरगामी सोच का नतीजा है कि आज संचार क्रांति के माध्यम से विश्व के किसी भी कोने से बात करते उसे देखते है, युवाओं को रोजगार की बात हो यह सब राजीव गांधी की देन है। संगोष्ठी सभा पश्चात कांग्रेसजनों द्वारा नेहरू नगर स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरण किया गया इसके बाद बसंतपुर चौपाटी स्थित आनंद वाटिका में फलदार पौधे का पौधरोपण किया गया।

संगोष्ठी सभा को संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी किशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, उपाध्यक्ष जिला ग्रामीण कांग्रेस अंजुम अल्वी, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव डा.रूबीना अल्वी, अशोक फडनवीस, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, योगेश बागड़ी ने संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश राठौर, विवेक वासनिक, रमेश डाकलिया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री नरेश शर्मा, मोहनी सिन्हा, योगेन्द्र प्रताप सिंह, जनपद सदस्य रौशनी वैष्णव, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, संतोष पिल्ले, मनीष साहू, अजय छेदैया, बबलू कसार, सचिन टुरहाटे, सुरेन्द्र देवांगन, मयंक सोनी, सुनिता सिन्हा, योगेन्द्र दास वैष्णव, महेश यादव, मामराज अग्रवाल, शैलेष ठावरे, चेतन सिन्हा, इशांक खान, विष्णु सिन्हा, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नारी शक्तियों के सम्मान के साथ संपन्न हुए श्री बागेश्वर धाम कावड़यात्रा




**बाल गोपाल भी हुए शामिल, जवानों को बांधा रक्षासूत्र**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी विगत 1 माह से पूर्व श्रद्धा भक्ति के साथ शिवमय हो गई थी। श्री बागेश्वर धाम कावड़ यात्रा जो कि पूर्व में भारतीय सेना, खिलाड़ियों मूकबधिर बच्चों, भारतवासियों के कल्याण, देश के अग्रसर होने की कामना से जल अर्पित किया गया। अंतिम कावड़ यात्रा नारी शक्ति व रक्षाबंधन को समर्पित थी। नारी शक्ति के लिये आयोजित कावड़ यात्रा में भारी संख्या में नारी शक्तियां शामिल हुई। उक्त आयोजन हेतु श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सूरज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, गोल्डी गुप्ता, श्रीमति प्रज्ञा गुप्ता कार्यक्रम को स्वरूप देने में लगे थे, उन्होंने बताया कि भारतीय नारी को वर्तमान परिस्थितियों में सामना करने हेतु माँ दुर्गा, माँ काली के स्वरूप को अपनाने की आवश्यकता है तथा रक्षाबंधन अंतिम सोमवार को था। जिसके कारण से यह कावड़ यात्रा नारी शक्ति व रक्षा बंधन पर आधारित रखी गई। कावड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर डी.सी.जैन सहित अनेक संस्थाओं, नगरवासियों द्वारा अभिनंदन किया गया। कावड़ यात्रा में नन्हे बाल गोपाल भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कावड़ यात्रियों के द्वारा श्री बागेश्वर धाम मंदिर में जल अर्पण, आरती की गई। उसके पश्चात हमारे सेना पुलिस के जवानो के कल्याण हेतु रक्षाबंधन के अवसर पर उन्हें श्री बागेश्वर धाम ट्रस्ट की बालिकाओं, सेविकाओं उपस्थित महिलाओं द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया तथा उनके कल्याण की कामना की। जिस पर जवानों द्वारा भावविभोर होकर आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर नारी शक्ति जो कि संस्कारधानी में विभिन्न क्षेत्रों में अनवरत रूप से अपनी सेवा दे रही है। उनका सम्मान किया गया। सर्वप्रथम संस्कारधानी में धर्म सेवा व विधिक्षेत्र में अपना योगदान दे रही अधिवक्ता श्रीमती शारदा तिवारी, कला व संस्कृति क्षेत्र में सुप्रसिद्ध लोकगायिका श्रीमती कविता वासनिक, खेल क्षेत्र में पॉवर लिफ्टिंग में राष्ट्रीय गोल्ड मेडल विजेता कु. चंचल गुप्ता, समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान हेतु श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी व चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवा दे रही श्रीमती साधना तिवारी का सम्मान किया गया। कावड़ यात्रा में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव भी शमिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पंकज गुप्ता द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता द्वारा किया गया। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट ने शिवभक्ति के 1 माह के सावन के आयोजन हेतु प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सभी सहयोगियों सेवा सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खिलाड़ियों, जन-प्रतिनिधियों का स्वागत अभिनंदन हेतु आभार व्यक्त किया है व मंदिर के आगे के आयोजनों में शामिल होने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवकअजय गुप्ता प्रतीक गुप्ता, सचिन गुप्ता द्वारा दी गई।

## पहला कॉलम...

### संजय यादव झेरिया यादव समाज बसंतपुर के अध्यक्ष बने



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज राजनांदगांव के बसंतपुर इकाई का गठन किया गया जिसमें संजय यादव अध्यक्ष तथा अरुण यादव सचिव चुने गए। अन्य पदाधिकारी में उपाध्यक्ष संतोष यादव एवं राजा यादव, कोषाध्यक्ष आकाश यादव, महामंत्री दिनेश यादव, प्रचार प्रसार सचिव-लक्ष्मण यादव तथा सह सचिव अर्जुन यादव एवं शैलेंद्र यादव शामिल हैं। समाज के प्रांताध्यक्ष जगनिक यादव के निर्देशानुसार महानगर अध्यक्ष गरीबाराम यादव की उपस्थिति में युक्त पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। इस अवसर पर समाज के महामंत्री सुदेश यादव, सलाहकार महेश यादव, उपाध्यक्ष अमन यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, संरक्षक श्रवण यादव, कन्हैया यादव सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। बैठक में समाज के इष्ट देव भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर शोभायात्रा एवं कृष्ण लीला पर आधारित झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी समाज के सचिव पूनाराम यादव ने दी।

### 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 24 से 27 अगस्त तक

राजनांदगांव (दावा)। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव जिले में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 27 अगस्त तक किया जाएगा।

### कु. उन्नति डोंगरे का निधन



राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर निवासी चार वर्षीय मासूम कु. उन्नति डोंगरे पिता नितिन डोंगरे का 20 अगस्त को निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रही थी। मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में समाज के लोग व वार्डवासी मौजूद रहे। बता दें कि उन्नति डोंगरे मीडिया से जुड़े नितिन डोंगरे की बेटी है।

### लकेश भंडारी (व्याख्याता) का निधन




अंबागढ़ चौकी (दावा)। व्याख्याता लकेश भंडारी निवासी कुल्हाड़ी जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परसाटोला में पदस्थ थे। उनका आकस्मिक निधन 19 अगस्त दिन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके निज ग्राम कुल्हाड़ी में संपन्न हुआ।

# पेरिस ओलंपिक में बने पर्यवेक्षक फिरोज अंसारी का महाकाल सेना प्रमुख पवन डागा ने किया सम्मान



**शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस ने किया महाकाल पालकी यात्रा का भव्य स्वागत - सूर्यकांत जैन**

राजनांदगांव (दावा)। सावन मास के अंतिम सोमवार को शीतला माता देवालय से निकली श्री महाकाल पालकी यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से बाजे-गाजे, नगाड़े-ढोल-बैंड और भगवान के मनमोहक झांकियां एवं दृश्य के साथ निकली, जिसका भव्य स्वागत स्थानीय गंज लाइन में शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में भगवान चंद्र मोलेश्वर जी की पालकी में पुष्प अर्पित कर किया गया एवं समस्त महाकाल भक्तों को पेयजल पिलाया गया। महाकाल भक्तों की अपार भीड़ ने हर हर महादेव और बम-बम भोले की ध्वनि के गुंजन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। पालकी यात्रा के बीच हॉकी इंडिया के सह-सचिव और छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष तथा पेरिस ओलंपिक में पर्यवेक्षक रहे फिरोज अंसारी का महाकाल सेना ने गंज लाइन में महाकाल सेना के प्रमुख पवन डागा के नेतृत्व में सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्री डागा ने कहा कि संस्कारधानी के गौरव फिरोज अंसारी ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। 52 साल बाद भारतीय हॉकी टीम ने लगातार दो ओलंपिक में दो मैडल जीत कर हमें गौरवान्वित किया है। आज हमारे बीच श्री अंसारी इंडिया टीम के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित है।

प्रेस विज्ञप्ति में महाकाल सेना के सूर्यकांत जैन ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है कि श्री अंसारी इसके पूर्व 2012 में लंदन ओलंपिक, 2014 में पुरूष वर्ल्ड कप हॉलैंड, 2018 में महिला वर्ल्ड कप 2018 में रियो ओलम्पिक व 2023 में 19वीं एशियन गेम्स हन्गुजू (चाईना) में भी पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले चुके है। पेरिस में भारतीय हॉकी टीम ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर महाकाल सेना के सूर्यकांत जैन, जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व निगम अध्यक्ष कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, राजू डागा, महेश अग्रवाल (मुन्ना), विजय शर्मा, अमित खण्डेलवाल, नीरज कन्नौजे (संचालक वीआईपी जिम), विनोद बंटी यादव, करीम खान, मनीष सिमनकर, जितेश सिमनकर, विष्णु सिन्हा, भारत भूषण शर्मा, अशोक सेन, राजेश खांडेकर, दिलीप यादव, मोहन चुनरकर, विकास (पम्पी) अग्रवाल, शैलेश नोन्हारे, महेश यादव, अमन, प्रदीप यादव, पारस गुप्ता, जावेद, संदीप सोनी, सहदेव साहू, मोनू कोसरे, सुरेन्द्र मंडावी, निर्मल साहू, संजय ओझा सहित बड़ी संख्या में महाकाल भक्त उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने राजनीतिक दलों की ली बैठक

- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के संबंध में हुई चर्चा
- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 कार्यक्रम के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि 1 जनवरी 2025 तक जिनकी आयु 18 वर्ष हो रही है उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां भरने की अवधि मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 से गुरूवार 28 नवम्बर 2024 तक है। विशेष शिविर का आयोजन शनिवार 9 नवम्बर 2024, रविवार 10 नवम्बर 2024, शनिवार 16 नवम्बर 2024, रविवार 17 नवम्बर 2024 को किया जाएगा। दावा आपत्तियों का निराकरण मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की स्वीकृति तथा डेटाबेस को अद्यतन और पूरकों की छपाई बुधवार 1 जनवरी 2025 को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए बीएलए नियुक्त करने कहा। इससे मतदाता सूची की शुद्धता बनी रहेगी और लोकतांत्रिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोडने, विलोपित, स्थानांतरण करने में आसानी होगी।

बैठक में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में संशोधन एवं मतदाता का पंजीयन नियम 1960 में संशोधन के संबंध में जानकारी दी गई। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में संशोधन किया गया है। जिसके अंतर्गत धारा 14 में अर्हता तिथियां 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। धारा 23 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए परिचय हेतु आधार नंबर की आवश्यकता होगी। धारा 20 अंतर्गत साधारण निवासी के तहत पत्नि व पति के आधार पर किया जाएगा। मतदाता का पंजीयन नियम 1960 में संशोधन किया गया है। नियम 7- धारा 20 के तहत फार्म-1 घोषित कार्यालय के साधारण निवासी के कथन हेतु अब पत्नि के आधार पर पति भी साधारण निवासी होगा। फार्म 2 - सशस्त्र सेनाओं में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी का कथन पत्नि के आधार पर पति भी होगा। फार्म 2ए- सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य जो राज्य के बाहर पदस्थ है। फार्म 3 - भारत सरकार की सेवा में भारत के बाहर पदस्थ सदस्य है। नियम 13- दावे और आपत्ति के फार्म अब नाम जोडने फार्म-6, नाम हटाने फार्म-7 एवं नाम सुधारने, स्थानांतरित करने फार्म-8 होगा। नियम 15 अंतर्गत फार्म 6 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 9, फार्म 7 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 10, फार्म 8 में प्राप्त संशोधन आवेदनों की सूची फार्म 11, फार्म 8 में प्राप्त एक ही विधानसभा में स्थानांतरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 ए, फार्म 8 में प्राप्त एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा में स्थानांतरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11बी है।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी अरूण शुक्ला, रघुवीर सिंह वाधवा, रूपेश दुबे, महेन्द्र कुमार शर्मा, कमल जीत पिन्टू, शिव शंकर सिंग, शत्रसुल आलम, मिलाप कुमार बघेल, चुरेन्द्र कुमार, सोमेश कुमार सहित अन्य राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार- डोंगरगढ़**

न्यायालय में मामला क्रमांकः 202408092200025
विषय- अ-74 मामले की श्रेणीः-राजस्व सनः-2023-2024
भैंसरा प.ह.नं. 00019 [(हे.)]
**पक्षकारों का विवरण -**
आवेदक पक्षकार -परमिला बाई.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परमिला बाई पिता भगोली जाति गोंड सा. भैंसरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम भैंसरा प.ह.नं. 19 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 152 में ख.नं. क्रमशः 98, 188, 193, 232, 285, 473 रकबा क्रमशः 0.0610, 0.0730, 0.0610, 0.1380, 0.0850, 0.6560हे. कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 1.0740 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में परमिला बाई पिता भगोली जाति गोंड सा. भैंसरा के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि/आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है। मो.-7828110477

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/08/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**तहसील-डोंगरगढ़**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अमित सोनकर पिता होम प्रकाश सोनकर पता आपापुरा वार्ड नं. 31, मकान नं. 310 दुर्ग (छ.ग.) पिन 491001 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अमित कुमार सोनकर पिता होम प्रकाश सोनकर रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम अमित कुमार सोनकर पिता होम प्रकाश सोनकर दर्ज करें व इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

शपथकर्ता
**अमित कुमार सोनकर**
**पिता होम प्रकाश सोनकर**
**पता आपापुरा वार्ड नं. 31,**
**म.नं. 310, दुर्ग (छ.ग.) 491001**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं.// प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 16/08/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुषार लालवानी पिता सुरेश लालवानी, निवासी सिन्धी कालोनी, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम जोरातराई, पटवारी हल्का नंबर 0024, खसरा नंबर 1344/1, रकबा 1.0410 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा / नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 31/08/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

# इंदिरा नगर व राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का आयुक्त ने किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज सुबह तकनीकि अधिकारियों के साथ इंदिरा नगर तथा राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का जायजा लेकर कचरा पृथककरण की जानकारी ली तथा अधोसंरचना मद अंतर्गत नाला निर्माण एवं प्रस्तावित एसटीपी निर्माण के लिये स्थल निरीक्षण किये।



- घर में ही कचरा पृथक कर डोर टू डोर कचरा गाडी में डालने लोगों को समझाईस के दिये निर्देश
- गौरव पथ में नाला सहित अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ करने स्थल निरीक्षण

आयुक्त श्री गुप्ता इंदिरा नगर एसएलआरएम सेंटर एवं राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का क्रमशः निरीक्षण कर सेन्टर प्रभारी से कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर प्रतिदिन गीला सुखा कचरा पृथककर गीला कचरा से खाद बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीट में डले कचरा की निर्धारित समयावधि में पल्टी करे, समयावधि के पश्चात कार्य न करे, खाद बनाने में कोताही न बरते। वर्तमान में वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर खाद का विक्रय करे खाद के लिये निजी उद्यान, घर की बागवानी हेतु उपयोग करने लोगों को जानकारी देवे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदी कचरा संग्रहण के दौरान लोगों को घर में ही कचरा पृथककरण कर देने समझाईस देवे, उन्हे बताये कि जिला एवं सुखा कचरा अलग अलग डिब्बा में रखे तथा बतावे कि कचरा गाडी आने पर ही स्वच्छता दीदीयों को कचरा देवे, घर के आस पास व नाली में कचरा न डाले। उन्होंने प्रभारी से कहा कि शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे, जिनके द्वारा लंबे समय से यूजर चार्ज नही दिया जा रहा है, वहां वार्ड प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक के साथ जाकर वसूली करे। इस संबंध में उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को भी निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता निरीक्षण के दौरान गौरव पथ में समता भवन के पास अधोसंरचना मद अंतर्गत नाला निर्माण के लिये स्थल निरीक्षण कर कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके से कहा कि जल्द नाला निर्माण प्रारंभ कराये, जिससे पानी निकासी की समस्या दूर हो सके और पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने एसटीपी निर्माण के लिये प्रस्तावित स्थल मोहारा नाला के पास एवं पारीनाला के पास जायजा लेकर नाला से पानी आने की जानकारी ली।

कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया कि मोहारा नदी व पारीनाला में गंदा पानी आने रोकने एसटीपी का निर्माण किया जाना है, जिसके लिये शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। पारीनाला के पास 15 एमएलडी प्लांट निर्माण किया जायेगा जिसमें रेल्वे पटरी पार के ढाबा, चिखली, गौरीनगर आदि क्षेत्र से नाले के माध्यम से पानी प्लांट में आयेगा, इसी प्रकार मोहारा के पास 26 एमएलडी के प्लांट में गोकुल नगर, आर.के.नगर, आशा नगर, इंदिरा नगर, नंदई आदि क्षेत्र के नाला का पानी प्लांट में आयेगा, जिसका शोधन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शासन स्वीकृति पश्चात कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शासन स्वीकृति पश्चात जल्द प्रक्रिया कर प्राथमिकता से कार्य कराया जावे, ताकि नाला का गंदा पानी नदी नाला में न जावे। उन्होंने शेष निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता दीपक महला, उपअभियंता तिलकराज ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू उपस्थित थे।

**श्री कृष्णा (एयरकूल) में**
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मोहन सुन्दरानी प्रस्तुत
**का इही ला कइथे मया**
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी ईशिका यादव, हेमलाल कौशल , पुष्पेन्द्र सिंह, प्रदीप शर्मा, उपासना वैष्णव आदि
पारिवारिक, सुमधुर गीत एवं संगीत से परिपूर्ण




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-2-3
446-4 249-5
राजधानी
8-9-0
557-7 236-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# घूमंतु पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए टीम बनाकर करें कार्य - कलेक्टर

- गणेश चतुर्थी को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सजगता रखने की आवश्यकता
- पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस को स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए दिए निर्देश
- स्वच्छता त्यौहार में आगामी शनिवार को सभी एक-साथ मिलकर करेंगे श्रमदान
- शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजनों का सर्वे करने के दिए निर्देश
- साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सजगता रखने की आवश्यकता है। डीजे के कारण ध्वनि प्रदूषण होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घूमंतु पशुओं के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए टीम बनाकर मानिटरिंग का कार्य करें तथा चिन्हांकित क्षेत्रों में मवेशियों को हटाने के लिए कार्य करें। उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए तथा लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षात्मक प्रयास जरूरी है। नेशनल हाईवे में और मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन ग्रामों में टंकी का निर्माण अप्रारंभ है, वहां गति लाएं और कार्य को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि क्रेडा विभाग को ऐसे ठेकेदार जो समय पर कार्य नहीं कर रहे है, उनका टेंडर निरस्त करने के निर्देश दिए तथा शीघ्र नया टेंडर जारी करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग के प्रकरणों के निराकरण में गति लाएं। भू-अर्जन के रिकार्ड दुरूस्तीकरण का कार्य महत्वपूर्ण है, इसे ध्यान देते हुए पूर्ण करें। लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग स्कूलों के जीर्णोद्धार व मरम्मत योग्य तथा डिस्मेंटल भवनों के संबंध में जानकारी भेजे, ताकि ऐसे स्कूलों के जीर्णोद्धार के कार्य के लिए प्रस्ताव बना सकें। सभी निर्माण विभाग निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए निर्माण के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा आधार कार्ड में मोबाईल नंबर अपडेट नहीं होने की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिक स्वयं पंजीयन कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके संबंध में प्रशिक्षण दें तथा सूचना के माध्यम से प्रचार-प्रसार करें। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उक्त बातें कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, पीजी पोर्टल, जन-शिकायत, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर से कहा कि ई-केवाईसी में विलंब होने तथा अन्य कारणों से किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि मिलने में दिक्कत आ रही है। इस समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करें। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता त्यौहार में आगामी शनिवार को सभी एक-साथ मिलकर श्रमदान करेंगे तथा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजनों का सर्वे करने के निर्देश दिए, ताकि वे शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

कलेक्टर ने परिक्रमा पथ, रिंग रोड का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए तथा इंडोर मल्टीपर्पज स्टेडियम के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरखरा डैम एवं मोंगरा जलाशय से पानी की सतत आपूर्ति के संबंध में चर्चा की तथा अधिकारियों से कहा कि जल की आपूर्ति बाधित नहीं हो इसके लिए इसके लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने रानी तालाब एवं बुढ़ातालाब की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। नगरीय निकाय निर्वाचन परिसीमन, गिरदावरी, प्रधानमंत्री आवास योजना, रोड सेफ्टी, प्लास्टिक वेस्ट मैरेजमेंट, ओडीएफ सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री आवास संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। जिसे सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने स्वच्छता त्यौहार में सभी अधिकारियों को शामिल होने के लिए कहा जिससे एक अच्छा प्रभाव एवं जागरूकता जनसामान्य में आएगी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा प्रारंभ हो रहे हैं। रोस्टर के हिसाब से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को प्रोत्साहित करने का कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम घोरदा में स्वच्छता त्यौहार के तहत स्कूली बच्चों द्वारा निकली गई स्वच्छता एवं जागरूकता रैली

**जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम घोरदा के मुख्य चौक-चौराहों में ग्रामीणों के साथ मिलकर की साफ-सफाई**





- स्वच्छता तथा व्यवहार परिवर्तन के संबंध में किया गया जागरूक
- 6 दुकानदारों के द्वारा कूड़ादान नहीं रखने तथा दुकान के आसपास गंदगी पाए जाने पर 250 रूपए का लगाया गया जुर्माना सचिव ग्राम पंचायत को ग्राम में स्वच्छता नहीं रखने पर 500 रूपए की राशि पंचायती राज अधिनियम के तहत अर्थदंड वसूला गया

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत घोरदा में प्रत्येक शनिवार को नियत स्वच्छता त्यौहार के तहत अभियान चलाया गया, जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता एवं जागरूकता रैली निकाली गई है और लोगों को स्वछता के प्रति जागरूकता तथा व्यवहार परिवर्तन के संबंध में स्लोगन के माध्यम से रैली निकाल कर भ्रमण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा ग्राम घोरदा के मुख्य चौक-चौराहों में ग्रामीणों के साथ मिलकर साफ-सफाई की गई एवं सभी ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि सप्ताह में एक दिन शनिवार को अपने घर के आसपास एवं चौक-चौराहों की सफाई करें।

उन्होंने कहा कि अपने ग्राम को हमेशा साफ-सफाई कर स्वच्छ रखें, जिससे अस्वच्छता से होने वाली बीमारी दूर होगी, डायरिया नहीं होगा। स्वच्छताग्राही दीदियों को सप्ताह में दो दिन शनिवार और बुधवार को कचरा संग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किए जाने का आग्रह किया। इस कड़ी में जिला पंचायत सीईओ द्वारा 6 दुकानदारों के द्वारा कूड़ादान नहीं रखने तथा दुकान के आसपास गंदगी पाए जाने पर 250 रूपए का जुर्माना लगाया गया और पंचायत के द्वारा चेतावनी दी गई कि भविष्य में गलती दोहराए जाने पर पुनः अर्थदंड लगाया जाएगा। सचिव ग्राम पंचायत को ग्राम में स्वच्छता नहीं रखने पर 500 रूपए की राशि पंचायती राज अधिनियम के तहत अर्थदंड वसूला गया। यह राशि स्वच्छताग्राही समूह को प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाने की सलाह दी। साथ ही प्रत्येक दिवस ग्राम में निगरानी करने तथा कूड़ा फेंकने या फैलाने वाले के ऊपर अर्थदण्ड लगाए जाने की बात कही। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि सभी ग्रामों में रोड किनारे तथा ग्राम के आसपास कचरा दिखाई ना दें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, जनपद पंचायत से सीईओ नवीन कुमार, जिला समन्वयक छोटेलाल साहू, यूनिसेफ वर्ल्ड विजन से बसंत मारकंडे, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर मेघा कुर्रे, अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्रामवासी उपस्थित हुए।

# कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या का विरोध, विहिप-बजरंग दल ने निकाला कैंडल मार्च, आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। कलकत्ता में हुए ट्रेनी डॉक्टर मोमिथा देबोनाथ के साथ हुए दुष्कृत्य और उसकी हत्या के विरोध में देशभर के डॉक्टरों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। देशभर के समस्त डॉक्टरो के समर्थन और मृत ट्रेनी डॉक्टर को न्याय दिलाने विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी के द्वारा महावीर चौक से एक रैली निकालकर डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए, हत्यारों को फांसी दो, माता-बहनों का अपमान नहीं सहेगा हिंदूस्तान, मृत डॉक्टर को शीघ्र न्याय दिलाया जाए, नारा लगाते हुए जय स्तंभ तक पहुंचकर, वहां दीप प्रज्वलित कर डॉक्टर मोमिथा देबोनाथ को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और हत्यारे को शीघ्र फांसी देने की मांग करते हुए साथ ही साथ पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को बर्खाशत कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाए, क्योंकि पश्चिम बंगाल मे महिलाओं और हिन्दू समाज पर अत्याचार बढ़ गया है। आये दिन वहां महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें सुनाई देती है, इसलिए पश्चिम बंगाल को तालिबान बनाने से बचाने के लिए ममता बनर्जी सरकार को बर्खाशत किया जाए, ताकि वहां की माता-बहनों कि इज्जत, मान-सम्मान की रक्षा हो सके।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठजन नंदू राम साहू, अरुण गुप्ता, नीरज बाजपाई, योगेश बागड़ी, लव मिश्रा, अनूप श्रीवास, शुभम महाराज, सुनील सेन, अंकित खंडेलवाल, बाबाजी, अखिलेश गुप्ता, भरत साहू, दीपक सिंह, दामू भूतड़ा, योगेश वैष्णव, विमल गुप्ता, नरोत्तम ठाकुर, मनीष खंडेलवाल, प्रिंस, जैकी सोनकर, मनीष सर्वा, राहुल ताम्रकार, संतोष टूरहाते, प्रवीण शर्मा, अमन शर्मा, बाऊवा अग्निहोत्री, ऋषभ मल, पापू सेन, योगराज सेन, मातृशक्ति से कांति मौर्य, अंजली वाडेकर, बुलबुल श्रीवास, खुशबू नागदेवे, खुशी नागदेवे, खिलेश्वरी साहू, एवं अधिक संख्या में संगठन के कार्यकर्ता एवं माताएं बहने उपस्थित रहें।

## 369 पंजीकृत हितग्राहियों को योजनावार 70 लाख 88 हजार 500 रूपए की राशि से किया गया लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर श्रम विभाग अंतर्गत अधिक से अधिक श्रमिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग के माध्यम से श्रमिकों को हर संभव मदद करते हुए योजना का लाभ दिलाना है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के माह अगस्त में जिले में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से 369 पंजीकृत हितग्राहियों को योजनावार 70 लाख 88 हजार 500 रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया है। जिसके अंतर्गत महतारी जतन योजना अंतर्गत 204 हितग्राहियों को 40 लाख 80 हजार रूपए, छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 136 हितग्राहियों को 1 लाख 8 हजार 500 रूपए, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 29 हितग्राहियों को 29 लाख रूपए से लाभान्वित किया गया है।

# दहेज की मांग से पति द्वारा प्रताड़ित नवविवाहिता ने की आत्महत्या



**आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**

राजनांदगांव (दावा)। मृत नवविवाहिता 05 वर्ष पूर्व ग्राम आरगांव निवासी संदीप कुमार साहू से प्रेम विवाह की थी। विवाद के 01 वर्ष बाद से नवविवाहिता के पति संदीप कुमार साहू दहेज मांग को लेकर नवविवाहिता को प्रताड़ित करता था। जिस पर नवविवाहिता के परिवार वाले दहेज के रूप में आरोपी को सोना-चांदी खरीदकर दिये थे। फिर भी आरोपी पति अपनी पत्नी को अपने परिवार वालों से दहेज मांग को लेकर हमेशा प्रताड़ित करता था। अपने पति के दहेज मांग की बात से प्रताड़ित होकर नवविवाहिता ने दिनांक 14 अप्रेल 2024 को ग्राम आरगांव में सुबह करीब 8:30 बजे अपने ससुराल में अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली। जिसे आस पडोस के लोगों की सहायता से ईलाज हेतु कालडा बर्न सेन्टर रायपुर में भर्ती किया गया। जहां ईलाज दौरान नवविवाहिता के मृत्यु हो गयी। जिस पर न्यू राजेन्द्र नगर थाना में मर्ग कायम कर जांच हेतु पुलिस चौकी तुमडीबोड़ को प्रदाय करने पर चौकी तुमडीबोड़ द्वारा मर्ग जांच कर नवविवाहिता के पति द्वारा दहेज मांग को लेकर प्रताड़ित करना पाये जाने पर धारा 304(बी) भादंवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर गवाहों की उपस्थिति में पूछताछ किया गया। आरोपी संदीप कुमार साहू पिता स्व.देवेन्द्र कुमार साहू उम्र 27 वर्ष को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने रेड कार्यवाही कर 20 पौवा देशी मदिरा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के ग्राम करियाटोला मुक्तिधाम के पास पुलिया में अवैध शराब बिक्री कर रहे युवक को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 पौवा देशी मदिरा प्लेन यूनिक शराब जब्त की है। उसके खिलाफ धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 20 अगस्त को थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में करियाटोला मुक्तिधाम के पास पुलिया में अवैध रूप से शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना डोगरगांव में पुलिस की स्माल टीम गठित कर शराब रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही में 20 पौवा देशी मदिरा प्लेन युनिक प्रत्येक में 180 एमएल सीलबंद भरा हुआ कुल 3.600 लीटर छ.ग. निर्मित कीमत 1800 रूपये बिक्री रकम 200 कुल रकम 2000 रूपये जप्त कर आरोपी रूपेश पांडे पिता सुरेश पांडे उम्र 26 वर्ष निवासी अटल आवास डोंगरगांव को गिरफ्तार किया गया है।

# एकीकृत प्रारुप मतदाता सूची का 29 अक्टूबर से होगा प्रकाशन- संजय अग्रवाल




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा मंगलवार 20 अगस्त को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 कार्यक्रम के संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे कहा गया कि एकीकृत प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन 29 अक्टूबर से शुरू होगा। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली गई प्रेसवार्ता में कलेक्टर ने बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन मंगलवार 29 अक्टूबर को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां भरने की अवधि मंगलवार 29 अक्टूबर से गुरूवार 28 नवम्बर 2024 तक है। विशेष शिविर का आयोजन शनिवार 9 नवम्बर रविवार 10 नवम्बर ,शनिवार 16 नवम्बर ,रविवार 17 नवम्बर को किया जाएगा। दावा आपत्तियों का निराकरण मंगलवार 24 दिसम्बर को किया जाएगा। बताया गया कि स्वास्थ्य मापदंडों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की सहमति तथा डेटाबेस को अद्यतन करना और पूरकों की छपाई करने की तिथि बुधवार 1 जनवरी 2025 है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार 6 जनवरी 2025 किया जाएगा।

### मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण

प्रेस वार्ता में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि राजनांदगांव जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ में 270, 75-राजनांदगांव में 223, 76-डोंगरगांव में 252 एवं 77-खुज्जी में 261 मतदान केन्द्र है। शासकीय यदि पुराने मतदान केन्द्र भवन के स्थान पर नये शासकीय भवन उपयुक्त हो। 2 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करना पड़ता है, जबकि उसी गांव में शासकीय भवन उपलब्ध है। 1500 से अधिक मतदाता हो गये हैं, तो नये मतदान केन्द्र बनाये जा सकते हैं। यदि 1 ही ग्राम स्थान 1 से अधिक मतदान केन्द्र (500-500 मतदाता तक) हैं, तो उन्हें एकीकृत किया जा सकता है, के संबंध में युक्तियुक्तकरण किया जाना है।

### विधानसभावार मतदान केन्द्रों की जानकारी

बताया गया कि राजनांदगांव अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति), 75-राजनांदगांव, 76-डोंगरगांव एवं 77-खुज्जी है। इन विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है। जिसमें से राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र तथा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते हैं। विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत 270 मतदान केन्द्र है। जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 173 मतदान केन्द्र है। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला के खैरागढ़ तहसील अंतर्गत 97, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 80 एवं राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 93 मतदान केन्द्र आते हैं। विधानसभा क्षेत्र 75-राजनांदगांव अंतर्गत 223 मतदान केन्द्र आते है। विधानसभा क्षेत्र 76-डोंगरगांव अंतर्गत 252 मतदान केन्द्र आते है। जिसमें डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 132 एवं डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 120 मतदान केन्द्र आते है। विधानसभा 77-खुज्जी अंतर्गत 261 मतदान केन्द्र आते है। जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 192 मतदान केन्द्र है। राजनांदगांव जिले के छुरिया तहसील अंतर्गत 192 एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला के अम्बागढ़ चौकी तहसील अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते है।

### विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

बता दें कि राजनांदगांव अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 की स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 819282 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 408317, महिला मतदाताओं की संख्या 410956 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 9 थी। विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 210682 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 106061, महिला मतदाताओं की संख्या 104615 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 थी। विधानसभा क्षेत्र 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 212707 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 104339, महिला मतदाताओं की संख्या 108366 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 थी। विधानसभा क्षेत्र 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 203937 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 102560 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 101377 थी। विधानसभा क्षेत्र 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 191956 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 95357, महिला मतदाताओं की संख्या 96598 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 1 थी।

राजनांदगांव अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 820057 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 408414, महिला मतदाताओं की संख्या 411637 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 211301 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 106242, महिला मतदाताओं की संख्या 105056 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 3 है। विधानसभा क्षेत्र 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 213158 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 104445, महिला मतदाताओं की संख्या 108711 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 203036 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 102077, महिला मतदाताओं की संख्या 100958 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 1 है। विधानसभा क्षेत्र 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 192562 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 95650, महिला मतदाताओं की संख्या 96912 है।

### जिले में मतदाताओं की संख्या

राजनांदगांव जिला अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 की स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 699123 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 347023, महिला मतदाताओं की संख्या 350901 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 7 थी। विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 139116 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 69797, महिला मतदाताओं की संख्या 69344 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 5 थी। विधानसभा क्षेत्र 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 212707 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 104339, महिला मतदाताओं की संख्या 108366 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 थी। विधानसभा क्षेत्र 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 203937 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 102560 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 101377 थी। विधानसभा क्षेत्र 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 143363 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 71548, महिला मतदाताओं की संख्या 71814 थी।

राजनांदगांव अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 700193 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 348512, महिला मतदाताओं की संख्या 351675 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 140246 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 70283, महिला मतदाताओं की संख्या 69960 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 3 है। विधानसभा क्षेत्र 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 213158 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 104445, महिला मतदाताओं की संख्या 108711 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 203036 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 102077, महिला मतदाताओं की संख्या 100958 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 1 है। विधानसभा क्षेत्र 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 143753 थी। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 71707, महिला मतदाताओं की संख्या 72046 है।

नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल एवं मतदाता हेल्पलाइन ऐप की सहायता से मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं विलोपन के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने, ई-इपिक डाउनलोड करने, डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, मतदान केन्द्र का विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। साथ ही वोटर आईडी कार्ड के साथ आधार लिंक करने के लिए फार्म 6वी आनलाईन अप्लाई कर सकते है। एनजीएस पोर्टल का उपयोग मतदाता द्वारा मतदाता परिचय पत्र प्राप्त नहीं होना, आवेदन फार्म का निराकरण नहीं होना या अन्य शिकायतों को दर्ज करने के लिए किया जा सकता है।

### लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम

प्रेस वार्ता में सन् 1950 में संशोधन के संबंध में जानकारी दी गई। धारा 14 अर्हता तिथियां (1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर), धारा 23 नाम जोड़ना (आधार नंबर परिचय हेतु) एवं धारा 20 साधारण निवासी (पत्नि व पति के आधार पर) है। मतदाता का पंजीयन नियम 1960 संशोधन के संबंध में जानकारी दी। नियम 7 धारा 20 के तहत (फॉर्म-1 घोषित कार्यालय के साधारण निवासी के कथन हेतु-अब पत्नि के आधार पर पति भी साधारण निवासी), फॉर्म 2 सशस्त्र सेनाओं में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी का कथन (पत्नि के आधार पर पति भी), फॉर्म-2ए सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य जो राज्य के बाहर पदस्थ हैं, फॉर्म-3 भारत सरकार की सेवा में भारत के बाहर पदस्थ सदस्य। नियम 13-दावा व आपत्ति के फॉर्म-नाम जोड़ने फार्म-6, नाम हटाने फार्म-7, नाम सुधारने व स्थानान्तरित करने फार्म-8, नियम 15 में फार्म 6 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 9, फार्म 7 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 10, फार्म 8 में प्राप्त एक ही विधानसभा में स्थानान्तरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 ए, फार्म 8 में प्राप्त एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा में स्थानान्तरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 बी। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु उसी मतदान केन्द्र के एक मतदाता को अपने दल की ओर से बीएलए नियुक्त कर सकते है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। बताया गया कि कार्यालयीन समय में 1950 नम्बर पर संपर्क कर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## अनमोल दावा

**परेशानी आने से इंसान अकेला तो हो जाता है, पर उस समय इंसान को यह जरूर पता चल जाता है, कौन उसके साथ है और कौन नहीं।**

## कोलकाता से लेकर देहरादून तक बर्बरता, लोगों के गुस्से पर भी राजनीति

एक ओर कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की बर्बर घटना से समूचे देश में दुख और आक्रोश का माहौल है, सभी ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर कार्रवाई किए जाने की मांग हो रही है, तो दूसरी ओर देहरादून के सार्वजनिक बस अड्डे पर एक नाबालिग से सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है। ऐसा लगता है कि आपराधिक मानसिकता के लोगों के भीतर कानून का कोई ऐसा खौफ नहीं है जो उन्हें मनमानी करने से रोक सके।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह देहरादून अंतरराज्यीय बस अड्डे पर बाल कल्याण समिति की एक टीम को एक किशोरी बदहवास हालत में मिली थी। इसके बाद घटना का खुलासा हुआ कि बलात्कार की इस घटना को जिन पांच आरोपियों ने अंजाम दिया था, उनमें बस का चालक और परिचालक भी है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इससे एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं।

आखिर जिस जगह पर नियमित रूप से बसों और यात्रियों की आवाजाही लगी रहती है, वहां सुरक्षा व्यवस्था की क्या स्थिति थी कि आरोपियों ने आसानी से अपराध को अंजाम दिया? एक सार्वजनिक स्थान पर अपराध को अंजाम देने वाले बस कर्मचारियों के भीतर पुलिस और कानून का डर क्यों नहीं था! फिलहाल देश भर में कोलकाता की घटना पर व्यापक आक्रोश फैला हुआ है, इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग होना शायद राज्य सरकारों और पुलिस तंत्र की प्राथमिकता में नहीं रही है। देहरादून में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार न केवल कोलकाता में हुई घटना के खिलाफ उभरे आंदोलन का असर नहीं होने को दर्शाता है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि सरकारी तंत्र किसी त्रासद घटना के बावजूद किस कदर नींद में डूबा रहता है।

इसकी आंख तभी खुलती है, जब कोई घटना तूल पकड़ लेती है। आखिर ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते, जो आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कानून का डर भर सके और वे किसी वारदात को अंजाम न दे सकें।

यह समझना मुश्किल है कि महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ते अपराधों पर काबू पाने के लिए कानूनों में सख्ती लाने की कवायदों और आए दिन सरकारों की ओर से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कदम उठाने की घोषणाओं के बावजूद अपराधी बेलगाम होते क्यों दिख रहे हैं। समाज के स्तर पर भी देखें तो बलात्कार की कुछ घटनाओं पर अक्सर देश भर में आक्रोश फैलता है, व्यापक पैमाने पर लोग आंदोलित होते हैं, महिलाओं की सुरक्षा की मांग की जाती है, लेकिन न तो ऐसा माहौल बन पा रहा है जिसमें महिलाएं खुद को सुरक्षित और सहज महसूस करें, न ही बलात्कार और हत्या की घटनाएं रोकी जा पा रही हैं।

ज्यादा त्रासद यह है कि जिनको आदतन अपराधी नहीं माना जाता है, कई बार वे भी संगठित अपराधियों की तरह किसी वारदात को अंजाम देते हैं। देहरादून की घटना में बस के जिन कर्मचारियों की ड्यूटी थी कि वे मुसाफिरों को सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचाएं, जरूरतमंदों की मदद करें, उन्होंने ही सामूहिक रूप से एक जघन्य अपराध को अंजाम दिया। यह जहां समाज में भी विकृत और आपराधिक मानसिकता के पांव पसारने का सूचक है, वहीं कानून-व्यवस्था कायम रखने और महिलाओं को सुरक्षा देने में सरकार की विफलता का भी सबूत है।

# पीएम मोदी क्यों जा रहे हैं यूक्रेन, क्या नाराज़ होगा रूस ?

पिछले महीने ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के दौरे पर गए थे. यूक्रेन में रूसी हमले के बाद पीएम मोदी का यह पहला रूस दौरा था.मॉस्को पहुँचते ही पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक दूसरे से गले मिले, तो पश्चिम के मीडिया में इसकी जमकर आलोचना हुई.

पुतिन और मोदी का गले मिलना यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की को रास नहीं आया था.ज़ेलेंस्की ने नौ जुलाई 2024 को इस पर आपत्ति जताते हुए कहा था, आज रूस के मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए, इसमें तीन बच्चे भी शामिल थे. रूस ने यूक्रेन में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया. एक ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी से मॉस्को में गले लगाना शांति स्थापित करने की कोशिशों के लिए बड़ी निराशा की बात है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन के दौरे पर रहेंगे. 30 साल में ये पहली बार है, जब कोई भारतीय पीएम यूक्रेन का दौरा करेगा.कई लोग मानते हैं कि पीएम मोदी का यूक्रेन दौरा रूस को असहज कर सकता है, लेकिन एक राय ये भी है कि राष्ट्रपति पुतिन के चीन दौरे से भी भारत बहुत सहज नहीं रहता है. पीएम मोदी का ये दौरा ऐसे वक़्त में हो रहा है, जब यूक्रेन ने बीते दिनों रूस की सीमा में घुसकर हमले तेज़ किए हैं.यूक्रेन ने रूस के कुछ इलाक़ों को अपने नियंत्रण में भी ले लिया है. आशंका जताई जा रही है कि रूस यूक्रेन पर जल्द बड़ा हमला कर सकता है.ऐसे में पीएम मोदी के यूक्रेन जाने के वक़्त पर चर्चा हो रही है और सवाल पूछा जा रहा है कि पीएम मोदी ऐसे वक़्त पर यूक्रेन क्यों जा रहे हैं, जब हालात काफ़ी बिगड़े हुए हैं? अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार ब्रह्म चेलानी ने ट्वीट कर कहा, 23 अगस्त को यूक्रेन दौरे पर जाना न सिर्फ़ ख़राब समय है बल्कि इसका मक़सद भी साफ़ नहीं है. यूक्रेन के हालिया आक्रमण ने युद्धविराम की कोशिशों को झटका पहुंचाया है. यूक्रेन के आज़ाद होने के बाद कोई भारतीय पीएम वहां नहीं गया है. पीएम मोदी के यूक्रेन जाने की कोई ठोस वजह नहीं है. ख़ासकर तब जब युद्ध के कारण तनाव बढ़ा हुआ है. अंतरराष्ट्रीय संबंधों के जानकार प्रवीण सावहने ने लिखा, जब रूसी सेनाओं की ओर से यूक्रेन के डोनबास में कई मोर्चों पर आक्रमण तेज़ हुए हैं, तब पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे का मक़सद क्या है? जेएनयू में प्रोफ़ेसर हैप्पीमन जैकब ने लिखा- पीएम मोदी यूक्रेन के दौरे पर क्यों जा रहे हैं?जवाब में प्रोफ़ेसर जैकब ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की किताब द इंडिया वे का एक अंश साझा किया है.इस अंश के मुताबिक़, उभरती हुई शक्तियां वैश्विक विरोधाभासों के कारण पैदा हुए अवसरों को पहचानती हैं और उन्हें इस्तेमाल करते हुए अपने राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाती हैं.फ़रवरी 2022 से शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से पीएम मोदी और ज़ेलेंस्की दो बार मिल चुके हैं.मई 2023 में मोदी और ज़ेलेंस्की के बीच जापान में मुलाक़ात हुई थी. जून 2024 में दोनों नेता इटली में भी मिले थे.

रक्षा विशेषज्ञ ब्रह्म चेलानी ने लिखा है, इस समय मोदी की यूक्रेन यात्रा काफ़ी बुरी साबित हो सकती है. यूक्रेन की घुसपैठ के बाद रूस उस पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है. अमेरिका की यहाँ युद्ध विराम में कोई दिलचस्पी नहीं है.ब्रह्म चेलानी ने बांग्लादेश का



ज़िक्र करते हुए मोदी से भारत के लिए मौजूद चुनौतियों पर ध्यान देने की सलाह दी है. पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे के बारे में भारत और यूक्रेन के विदेश मंत्रालयों की ओर से जानकारी दी गई है.भारतीय विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम)तन्मय लाल से प्रेस वार्ता के दौरान ये पूछा गया कि क्या पीएम मोदी के रूस दौरे के बाद पश्चिमी देशों से हुई आलोचना के कारण यूक्रेन का दौरा किया जा रहा है?

तन्मय लाल ने जवाब दिया, भारत के रूस, यूक्रेन से मज़बूत और स्वतंत्र संबंध हैं, जिनका अपना-अपना अस्तित्व है. ये किसी एक का फ़ायदा, दूसरे का नुक़सान जैसा मामला नहीं है. पीएम मोदी रूस दौरे पर गए थे. कई मुद्दों पर बात हुई थी. फिर पीएम ने ज़ेलेंस्की से भी कई मौक़ों पर मुलाक़ात की है. अब दोनों नेता यूक्रेन में मिल रहे हैं. अभी जारी संघर्ष के बारे में भी बात होगी. रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत के रुख़ के बारे में तन्मय लाल ने कहा, भारत ने बहुत स्पष्ट स्थिति बनाई हुई है. कूटनीति और बातचीत से इस संघर्ष को सुलझाया जा सकता है. इससे स्थायी शांति स्थापित हो सकती है, इसलिए बातचीत बहुत ज़रूरी है.तन्मय लाल ने कहा, स्थायी शांति केवल उन विकल्पों के माध्यम से हासिल की जा सकती है, जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हों. इसका समाधान केवल बातचीत से ही हो सकता है. यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के कार्यालय की ओर से भी पीएम मोदी के दौरे के बारे में जानकारी दी गई है. बयान के मुताबिक़, 23 अगस्त को यूक्रेन के फ़्लैग डे के मौक़े पर भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी यूक्रेन के आधिकारिक दौरे पर आएंगे. द्विपक्षीय संबंधों के इतिहास में ये किसी भारतीय पीएम का पहला दौरा होगा. इस यात्रा के दौरान द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग पर बात की जाएगी. भारत और यूक्रेन के बीच कई दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है.

बीते 25 सालों में भारत और यूक्रेन के व्यापारिक संबंधों में इजाफा देखने को मिला है.भारत के विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक़, 2021-22 वित्तीय वर्ष में दोनों देशों के बीच 3.3 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था. वहीं रूस और भारत के बीच क़रीब 60 अरब डॉलर का व्यापार हुआ.साल 2030 तक भारत-रूस के बीच 100 अरब डॉलर का कारोबार होने की उम्मीद जताई जा रही है. रूस के साथ भारत का व्यापार यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद बढ़ा है. भारत ने यूक्रेन पर रूसी हमले की कभी निंदा नहीं की और न ही संयुक्त राष्ट्र में रूस के ख़िलाफ़ लाए गए प्रस्तावों का समर्थन किया है. लेकिन भारत यूक्रेन में मानवीय मदद पहुँचाता रहा है. तन्मय लाल ने कहा- मदद के तौर पर क़रीब 135 टन सामान यूक्रेन भेजे गए हैं.इनमें दवाएं, कंबल, टेंट, मेडिकल उपकरण से लेकर जनरेटर तक शामिल हैं.रूस यूक्रेन के बीच जब युद्ध शुरू हुआ था, तब वहां भारतीय छात्र भी फँस गए थे. इन छात्रों की संख्या क़रीब चार हज़ार थी.इन छात्रों को निकालने में पोलैंड ने अहम भूमिका अदा की थी. पीएम मोदी यूक्रेन दौरे से पहले पोलैंड दौरे पर भी जा रहे हैं. 40 साल में पीएम मोदी पोलैंड जाने वाले पहले भारतीय पीएम हैं.

2023 में जब भारत में जी-20 सम्मेलन हुआ था, तब भारत ने दबाव के बावजूद यूक्रेन को नहीं बुलाया था. इस सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल नहीं हुए थे.वहीं पश्चिमी देशों में जितने भी बड़े सम्मेलन हुए, ज़्यादातर में ज़ेलेंस्की शामिल हुए थे.

अक्तूबर 2022 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन के चार नए इलाक़ों पर रूस के कब्ज़े और वहां जनमत संग्रह के ख़िलाफ़ निंदा प्रस्ताव पेश हुआ था. तब इस प्रस्ताव से भारत ने दूरी बनाई थी.जुलाई 2024 में भी संयुक्त राष्ट्र में रूस से युद्ध रोकने से संबंधित एक प्रस्ताव पर वोटिंग हुई थी, तब भी भारत इस वोटिंग से दूर रहा था.फरवरी 2022 से अब तक ऐसे कई मौक़े रहे हैं, जब रूस के ख़िलाफ़ प्रस्ताव से भारत ने दूरी बरती थी.

पश्चिमी देशों के विरोध और प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा था. ऐसा करके भारत ने रूस से सस्ता तेल हासिल किया.भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर कई मौक़ों पर अपने इस फ़ैसले को सही ठहराते रहे हैं.दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन के साझा बयान में भी रूस को लेकर जैसी भाषा इस्तेमाल की गई थी, उससे रूस, चीन भी सहमत दिखे और पश्चिमी देश भी.भारत के रूस से ऐतिहासिक संबंध रहे हैं. भारत रक्षा ज़रूरतों के मामले में रूस पर लंबे समय से निर्भर रहा है.भारतीय विदेश मंत्रालय रूस को भारत का दीर्घकालिक और समय की कसौटियों पर खरा उतरने वाला साझेदार बताता रहा है.इतिहास की कई तारीख़ें इसकी गवाह भी रही हैं.

सोवियत यूनियन ने 1965 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध ख़त्म कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी. 1971 में पाकिस्तान के साथ भारत की जंग हुई तो सोवियत यूनियन ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के समर्थन में वीटो का इस्तेमाल किया था.भारत और सोवियत यूनियन के बीच 1971 में पीस, फ़्रेंडशिप एंड कोऑपरेशन ट्रीटी हुई थी. जब सोवियत संघ का पतन हुआ तो जनवरी 1993 में यह संधि इंडो-रशियन फ्रेंडशिप एंड कोऑपरेशन ट्रीटी में बदल गई थी.यूक्रेन से इतर अतीत में कई ऐसे मौक़े रहे हैं, जब भारत सोवियत यूनियन के आक्रमण पर खामोशी बरतता रहा है. फिर चाहे 1956 में हंगरी हो या 1968 में चेकोस्लोवाकिया या फिर 1979 में अफ़ग़ानिस्तान. यूक्रेन के मामले में भारत का रुख़ अलग नहीं रहा है. भारत रूस और यूक्रेन युद्ध में किसी एक तरफ़ नहीं दिखता है. एक तरफ़ भारत रूस से संबंध बनाए रखता है, दूसरी तरफ वो यूक्रेन की मदद भी जारी रखता है. फ़रवरी 2022 के बाद से पीएम मोदी ज़ेलेंस्की से मुलाकात करते रहे हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 236 : माता कौशल्या ने कहा, कैकेई को महाराज से पहले मुझसे चर्चा करनी थी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम के उत्तर देना प्रारंभ करने के पूर्व लक्ष्मण जी भी माता कौशल्या के कक्ष में प्रवेश कर गए। उन्होंने भी माता के चरण स्पर्श किए और अपने भ्राता राम के बगल में खड़े हो गए। शेषनाग के अवतार श्री लक्ष्मण जी के मुख पर हल्के क्षोभ के भाव हैं। इसी से माता कौशल्या ने अनुमान लगाया कि अयोध्या में सब कुछ कुशल नहीं है।उन्होंने प्रश्नवाचक दृष्टि से श्री राम की ओर देखा।

श्री राम ने उन्हें पूरी बात बताई। यह सब सुनकर माता कौशल्या अवाक हो गई। उन्हें यह सुनकर एक विचित्र अनुभव हुआ। पुत्र के वनवास जाने के समाचार से उन्हें गहरी पीड़ा हुई। उन्होंने अपनी आंखों के कोरों में आंसुओं को आने से पूर्व ही रोकते हुए सहज होने में कुछ ही क्षण लगाए।

रानी कौशल्या ने कहा, ''महाराज पूरी तरह ठीक तो हैं पुत्र?''

''हां माता! वैद्यराज उन्हें देख चुके हैं और औषधि भी दी है। उन्होंने कहा है कि महाराज को गहरी पीड़ा पहुंची है।''श्री राम ने माता को आश्वस्त करते हुए कहा।

रानी कौशल्या ने अपने मन की व्यथा व्यक्त करते हुए कहा, ''मुझे तो आश्चर्य हो रहा है पुत्र कि कैकेई ऐसा वर मांग सकती है। अगर उन्हें भरत का अभिषेक करना होता तो इसके लिए उन्हें महाराज के समक्ष इस रीति से वर मांगने की आवश्यकता नहीं थी। वह मुझसे कहती तो मैं महाराज को भरत के अभिषेक के लिए मना लेती। प्रतीत होता है कि कैकेई को किसी पर विश्वास नहीं है। उसने महाराज के सामने इतनी बड़ी मांगें रखीं और इसके पूर्व उसने मुझसे या सुमित्रा से चर्चा भी नहीं की।''

माता कौशल्या श्री राम की माता हैं। अयोध्या की राजनैतिक उथल-पुथल से कहीं अधिक उन्हें अपने प्रिय राम के वन जाने और वन के भावी कष्टों को लेकर चिंता है। इस अप्रत्याशित स्थिति के लिए उनका मन तैयार नहीं है।


(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -153

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. भारत के वर्तमान विदेशमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**
1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 152का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सी |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

## सू- दोकू क्र.153

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.152का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## सामयिक चर्चा

### घमण्ड का घर होता ही है खाली

अखबार पढ़कर बानी बोले -
''अमेरिका में राष्ट्रपति पद के
रिपब्लिकन उम्मीदवार
डोनाल्ड ट्रम्प में यार!
गजब का है अहंकार।
अपनी पार्टी और सलाहकारों की
चेतावनियों के बावजूद वह
अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वन्दी
कमला हैरिस के लिए अपनी रैलियों में
अलग-अलग उपनामों के उपयोग करते हैं।
कभी उन्हें 'कम्बला' तो कभी
कमला हैरिस की हॅसी का मजाक उड़ाते हुए,
उन्हे ''लाफिन कमला'' करते है।
ट्रम्प ने अपने समर्थकों को
सम्बोधित करते हुए यह भी कहा-
'मैं कमला से कहीं बेहतर दिखता हूॅ।'
गजाधर मुस्कराए बोले-
''मैं ट्रम्प को बानी!
'अपने मुॅह मिया मिठ्ठू' कहता हूॅ।
बानी! तुम यह जान लो,
मेरी बात मान लो
ये घमण्डी ट्रम्प, कमला हैरिस की
जितनी हॅसी उड़ाएंगे,
जितनी उनकी बुराई करेंगे,
उतनी ही ट्रम्प के
वोट की संख्या गिरेगी,
और भारतीय मूल की कमला हैरिस,
उतनी ही जीत की ओर बढ़ेगी।''



-गिरीश बख्शी

## कविता

### अपनो के लिये

अपनों के लिए कहीं
खींच ना जाए रेखा
मुझे हारना पड़ता है हर बार
क्यों की मै डरता हुँ बहुत
दृश्य दरारों से
मेरी कोशिश है हरदम
तुफान थम जाए
गरजते बरसते बादल
रिमझिम फुहार बनकर
मेरे ढहते दीवारों को
गिरने से बचा ले
इसलिये हर बार मुझे
जीतने से ज्यादा
हारने में खुशी मिलती है
हारने से आनंद नहीं मिलता
लेकिन जीतकर जो खोता
उसे खोने से बच जाता हुँ
मै इतने में खुश हुँ।।



पवन यादव ''पहुना''
ग्राम-सुन्दरा
जिला-राजनांदगांव

## कविता

### हरि नमन

हरि को नमन करता हूं,
कण कण में हरि पाता हूं।
आराध्य की स्तुति कर,
आस्था के फूल चढ़ाता हूं।
विश्व शांति की कामना,
देवालय में नित्य करता हूं।
सत्य सनातन के जरिये,
अपना धर्न निभाता हूं ।



गजेंद्र बख्शी

## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है जीवासाथी और किस्मत दोनों का साथ मिलेगा। कुछ खास लोगों से आपकी अनबन चल रही है, तो आज अनबन दूर हो जाएगी।



**वृषभ**
आज आपका शुरूवात बढ़िया होने वाली हैं। प्रॉपर्टी डीलर्स को किसी बड़ी डील से अच्छा मुनाफा होगा। आज आपको दूसरों से सोंच समझ कर बात करने की जरुरत है। जीवनसाथी आपकी बात को अहमियत देंगे इससे आपको खुशी होगी। छात्र आज कोई नया कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे।



**मिथुन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरुर मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है, जल्द ही मेहनत का लाभ आपको मिलने वाला है। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है।



**कर्क**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया औद्योगिक उद्यम शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं उनके लिए अनुकूल समय है। आज आपको किसी काम में पड़ोसियों से लाभ मिलेगा। आज आप अपने दोस्तों के साथ शाम को डिनर पर जा सकते है ।



**सिंह**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोप्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी। आज आप परिवार में को जोड़कर रखने की भूमिका निभाएंगे। आज आप किसी असहाय की मदद करेंगे। आज आप बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे।



**कन्या**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं, हालांकि, बातचीत करना थोड़ा कठिन भी रहेगा पर बाद में सफलता मिलेगी। आज स्टूडेंट्स किसी विषय में अपने भाई की मदद ले सकते है जिससे उन्हें काफी हेल्प मिलेगी। विवादों के निराकरण में सावधानी रखें।



**तुला**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होगी। आपके सहयोगी और मित्रों का साथ मिलने से आज आपके जीवन में चल रही परेशानियाँ दूर हो जाएगी। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनायेंगे।



**वृश्चिक**
आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा ,जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। काफी दिनों से चल रही श्वरब्द्व आज पूरी हो जाएगी।



**धनु**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको सिर दर्द की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात तजुर्बेदार लोगों से होगी, उनसे व्यापार से जुडी जानकारी मिलेगी। आज आप बच्चों के किसी निर्णय में उनका पूरा सपोर्ट करेंगी।



**मकर**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।



**कुंभ**
आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा।



**मीन**
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी।

# पहला कॉलम...

## आईपीएस भोजराज पटेल ने किया ध्वजारोहण



साल्हेवारा (दावा)। 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आईपीएस भोजराम पटेल, कमांडेंट (15वीं बटालियन छ.स.बल बीजापुर) द्वारा समवाय की एफ कंपनी कोयलारझोरी कैंप, थाना रेंगाखार, तहसील बोड़ला, जिला-कबीरधाम में ध्वजारोहण किया गया। जिसमे कंपनी कमांडर दिलीप सिन्हा, प्लाटून कमांडर आनंद सिंह बिष्ट, प्लाटून कमांडर मोमलाल साहू एवं कंपनी के सभी अधिकारी कर्मचारी सहित सरपंच कोयलारझोरी, प्राथमिक विद्यालय के स्कूली छात्रगण व ग्रामीणजनों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रगान गाया गया।

## तहसील कार्यालय में ध्वज वंदन



साल्हेवारा (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तहसील कार्यालय साल्हेवारा में तहसीलदार अमर दीप सिंह द्वारा तिरंगा फहराया गया। जिसमें पटवारी राजेंद्र साहू, नवजोत सिद्धु, अखिलेश जी, निखलेश उपस्थित रहे।

## फॉरेस्ट ऑफिस में तिरंगा फहराया



साल्हेवारा (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रेंजर गौतम मंडावी ने फॉरेस्ट ऑफिस साल्हेवारा में तिरंगा फहराया गया। जिसमें वनकर्मी सहित शिवकुमार उपवन क्षेत्रपाल उपस्थित रहें।

## आज भारत बंद दौरान डोंगरगढ़ में गूंजेगी विभिन्न नारों की गूंज

### आज संयुक्त संघर्ष मोर्चा के द्वारा डोंगरगढ़ बंद का आह्वान

डोंगरगढ़ (दावा)। अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा भारत बंद का आह्वान किया गया है। तहसील एवं ब्लॉक डोंगरगढ़ में भी ब्लॉक मुख्यालय बंद कराने एवं जोरदार धरना प्रदर्शन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। लोगों से निवेदन कर अपने प्रतिष्ठान बंद करने के लिए संपर्क किया गया। रैली शहर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचेगी तथा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान लगाने वाले विभिन्न नारों में एससी-एसटी एकता जिंदाबाद जिंदाबाद, हमसे जो टकरायेगा, चूर-चूर हो जायेगा, निकलों बाहर मकानों से जंग लड़ों बेईमानों से, ये सड़क की झाँकी है, संसद अभी बाकी हैं, आरक्षण हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है और इसे हम लेकर रहेंगे, भीम जोहार का नारा है, सड़क संसद हमारा हैं, सुप्रीम कोर्ट की साजिश नहीं चलेगी, नहीं चलेगी, सुप्रीम कोर्ट अपना निर्णय वापस लो, वापस लो, आरक्षण में क्रीमिलेयर वर्गीकरण वापस लो, वापस लों, भारतीय संविधान अमर रहे, अमर रहें, डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर-बिरसा मुंडा अमर रहें, अमर रहें, संवैधानिक अधिकारों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नही करेंगे, नही करेंगे, आरक्षण में क्रीमिलेयर नही चलेगा, नही चलेगा, एस.सी.-एस.टी. पर अत्याचार बंद करों, बंद करों, एस.सी. एस.टी. में फुट डालना बंद करों, बंद करों, नारी शक्ति जिंदाबाद, जिंदाबाद, हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा हैं, अभी तो ये अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई हैं, दमन के आगे नही झुकेंगे, नही झुकेंगे, दमन किया तो और लड़ेगे, सुप्रीम कोर्ट के जज होश में आओं, होश में आओं जैसे नारों से गूंजेगा शहर।

## मोहला में दो छात्राओं की संदिग्ध मौत : राखी मनाने घर गई थी बच्चियां




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर जिले के प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्यनरत दो छात्राओं की रक्षाबंधन त्यौहार की बीती रात संदिग्ध मौत हो गई है। दोनों आदिवासी छात्राएं सातवीं और दसवीं कक्षा में अध्यनरत थी। हॉस्टल से परिवार के साथ घर पहुंची और अलग-अलग गांवों में इनकी मौत हो गई। दोनों नाबालिक छात्राओं का आज अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम मोहड़ और मानपुर विकासखंड के परालझरी (टोहे) में परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया है। दो छात्राओं की संदिग्ध मौत से जहां परिवार स्तब्ध है। मिली जानकारी के अनुसार, मान्यता अमरिया पिता ठेलसिंह उमरिया उम्र 12 वर्ष निवासी मोहड़ थाना अंबागढ़ चौकी और सपना जाड़े पिता भारत जाड़े ग्राम परालझरी (टोहे) मोहला स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनत थी। रक्षाबंधन की छुट्टी में शनिवार 17 अगस्त को दोनों बच्चियाँ अपने परिजनों के साथ अपने-अपने घर गई और तबीयत बिगड़ने पर दोनों छात्राओं की रक्षाबंधन की रात संदिग्ध मौत हो गई।

### हॉस्टल वार्डन ने दी जानकारी

हॉस्टल में अध्यनरत दो छात्राओं की संदिग्ध मौत पर हॉस्टल वार्डन श्रद्धा देशमुख का कहना है कि, एक बच्ची का हार्ट अटैक से मौत हुआ है और वहीं दूसरी बच्ची का झोला छाप डॉक्टर से इलाज कराने के कारण उसकी मौत हुई है।

# गंडई में कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का किया पुतला दहन




गंडई पंडरिया (दावा)। बलौदाबाजार हिंसा मामले में शनिवार 17 अगस्त को भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिसके बाद से समूचे प्रदेश भर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी विंग एवं अनुसूचित जाति के गंडई ब्लॉक अध्यक्ष के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में रविवार 18 अगस्त को मुख्य तिरंगा चौक में शाम 4 बजे अनुसूचित जाति के ब्लॉक अध्यक्ष ताराचंद बंजारे एवं कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। साथ ही राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई, जहां पुलिस जवान, सतनामी समाज, और कांग्रेसियों के बीच जमकर झूमा झटकी भी हुई।

जानकारी अनुसार विगत दिन 15 और 16 मई की दरमियानी रात को कुछ अज्ञात लोगों ने बलौदा बाजार जिले के गिरौदपुरी धाम में पवित्र अमरगुफा में स्थित सतनामी समाज द्वारा पूजनीय जैतखाम में तोड़फोड़ की थी उसी की सीबीआई जांच कराने प्रशासन कि अनुमति से सभा के माध्यम से मांग कर रहे थे उसी के समर्थन में भिलाई नगर से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव समर्थन में की पुलिस ने जबरदस्ती देवेंद्र यादव के घर में घुसकर गिरफ्तार की है, जिससे पुरे प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में अनुसूचित जाति के गंडई ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं गृह मंत्री विजय शर्मा का तिरंगा चौक में पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की, देवेंद्र यादव संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है, भाजपा सरकार डरती है पुलिस को आगे करती है, भाजपा सरकार मुर्दाबाद, भूपेश बघेल जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद का भी नारे लगाए।

पुतला दहन कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, अनुसूचित जाति ब्लॉक अध्यक्ष ताराचंद बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, पार्षद नारायण चतुर्वेदी, दिलीप ओगरे, सूरज नामदेव, लियाकत अली खान, शैलेंद्र जायसवाल, मोहसिन खान, अरुण जोशी, वेदांत यदु, अशरफ सिद्धिकी, मंजू नेताम, हेमलता ठाकुर, राजेश चतुर्वेदी, तुलसी रात्रे, आशीष देवांगन, विक्की टंडन, पप्पू जगत, कन्हैया कुर्रे, मिथलेश साहू, अमन सोनी, अनिल वर्मा, मांहगु कोशरिया, समपुरन टंडन, दशरथ खुसरो, दूज राम यादव, पंच राम यदु, उमेश बांधे, नारायण जंघेल सहित सतनामी समाज और पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल रहे।

## कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित आला अधिकारियों ने खिलाड़ी वसुंधरा को दी शुभकामनाएं




डोंगरगढ़(दावा)। जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, श्रीमती शीतल बंसल, ए. इक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण राजनांदगांव, अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रीस यूरोप में आयोजित होने वाली यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में 62 किलोग्राम वजन समूह में चयनित होने वाली डोंगरगढ़ की राणा वसुंधरा सिंह को जिलेवासियों की ओर से शुभकामनाएं दी।

यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 3 सितंबर तक होगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कोच राणा अजय सिंह को गाइड करते हुए कहा कि अक्टूबर माह में जो यूरोप में ठंड पड़ती है एवं वहां का खानपान भी हिंदुस्तान से अलग है, खिलाडी को प्रतियोगिता के समय मौसम के अनुरूप यहां अभ्यास कराया जाए एवं हर परिस्थिति में खिलाड़ी वहां अच्छा प्रदर्शन कर सकें ऐसी तैयारी होनी चाहिए। इस अवसर पर सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र सिंह ठाकुर, रणविजय प्रताप सिंह, अनुराज श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों द्वारा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई



अंबागढ़ चौकी (दावा)। आज अम्बागढ़ चौकी बस स्टैंड में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। राजीव गांधी जी के 80 वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष बंसोड़, जिला महामंत्री शम्मी कुरैशी, जिला किसान अध्यक्ष उदेराम साहू, पार्षद शंकर निषाद, जिला महामंत्री श्याम लाटा, छगन बंजारे, अनिल महोबिया, विनोद डेहरिया, पार्षद मुकेश सिन्हा, दिलीप जुरेशिया, श्रवण निषाद, बिट्टू रब्बानी, मोनु कुरैशी, वैभव परिहार, पवन ठाकुर, गोलू सिन्हा, ओमेश दुबे, आकाश कसार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एनपीएस ने मनाया 78वाँ स्वाधीनता दिवस





राजनांदगांव (दावा)। शहर की सुविख्यात शिक्षण संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शाला नायक के पालक वीरेन्द्र जैन तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मंजूषा जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। आयोजन की शुरूआत शाला के विद्यार्थियों द्वारा परेड के माध्यम से की गई। मुख्य अतिथियों द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा शाला प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने उनकी अगवानी की। ध्वजारोहण पश्चात् विद्यालय परिसर में अभिभावकगण, छात्र-छात्राओं व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सामुहिक राष्ट्रगान किया गया। अतिथियों का तिलक चंदन व पुष्प गुच्छ से स्वागत कर विधिवत रूप कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आरंभ में कक्षा चौथी से छठवीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा संगीत शिक्षकों के दिशानिर्देश में गीत 'हो जाओं तैयार साथियों' की बेहतरीन सुरमयी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम की इसी कड़ी में के.जी वन-टू के नौनिहालों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई, नन्हें छात्रों की प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथिद्वय एवं पालकों से ढेर सारी तालियां बटोरी। कक्षा छठवीं के छात्र विनम्र द्विवेद्वी व धवल चौरसिया ने स्वतंत्र भारत की महत्ता को कविता के रूप में प्रस्तुत किया, वही नृत्य शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में कक्षा चौथी व पांचवी के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत पर आधारित नयनाभिराम प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत कक्षा चौथी की छात्रा अवनी श्रीवास्तव ने अपनी कविता प्रस्तुत की। संगीत विभाग के शैल साहू, सुभाष रामटेके, हरिशंकर नायक, चिंतामणी साहू के दिशानिर्देश में राष्ट्रीय कवि स्व. शंकर सहाय सक्सेना के देशभक्ति से ओतप्रोत प्रेरणादायी गीत 'उषा माथे तिलक लगाए' को अपने स्वरों से सजाकर छात्राओं ने संगीतमयी और मनभावन प्रस्तुति से शाला प्रांगण में देशभक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया। संस्कृत शिक्षक विकास दुबे के मार्गदर्शन में कक्षा आठवीं के छात्राओं द्वारा संस्कृत में काव्य प्रस्तुति दी गई। इसी क्रम में कक्षा दूसरी व तीसरी के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी। वही कक्षा दसवीं की छात्रा भक्ति गग्गड़ ने 78वें आज़ादी के महापर्व को अपने संभाषण में रेखांकित किया। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत 'अपनी धरती अपना अंबर' की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। खेल विभाग की शिक्षिका वेगिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में संगीतमय योगाभ्यास की शानदार प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात् नृत्य शिक्षकों स्वाती मानकर, आयुष श्रीवास्तव, दिशा राहुल के मार्गदर्शन में कक्षा छठवीं से आठवीं की छात्राओं की नयनाभिराम प्रस्तुति ने तालियाँ बटोरी।

ज्ञात रहे जे.सी.आई. भिलाई द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विकसित भारत विजन 2050 के तहत आयोजित कोलार्ज प्रतियोगिता में शाला के कला शिक्षकों द्वारा बनाए गए कोलार्ज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आयोजन में यह समस्त शिक्षक मुख्य अतिथियों के हाथों स्मरण चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर पुरूस्कृत किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र जैन ने अपने संबोधन में आज़ादी के पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए शाला के उत्कृष्ट परिणामों हेतु शाला परिवार की सराहना की, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह व रोपित पौधे देकर सम्मानित किया गया। जूनियर शाला नायक राजवीर चौहान व शालानायिका काव्या शर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला के मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश उभरानी, डॉयरेक्टर वीरक बाजपेयी की उपस्थित ने आयोजन की गरिमा को द्विगुणित कर दिया कार्यक्रम का आकर्षक संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। उक्ताशय की जानकारी एवं विज्ञान के व्याख्याता शाला के प्रचार प्रसार प्रभारी अनुराग सक्सेना ने दी।

## बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का लिया वचन



खुज्जी (दावा)। प्रदेश सहित जिले के अंचल में परंपरा अनुसार रक्षाबंधन का पर्व सोमवार को मनाया गया भद्रा नक्षत्र की समाप्ति के पश्चात बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया हालांकि भाइयों को थोड़ा इंतजार अवश्य ही करना पड़ा भद्र नक्षत्र के चलते रक्षाबंधन का पर्व दोपहर 1:30 के बाद मनाया गया, वहीं दोपहर के बाद यह पर्व पारंपरिक रूप से बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया सावन माह के अंतिम सोमवार के चलते शिव मंदिरों में भी पूजा अर्चना कार्यक्रम भी पूरे दिन चलते रहा।

साथ ही सावन मास के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। रक्षाबंधन का पर्व और सोमवार की अंतिम तिथि एक साथ होने के चलते इस पर्व की महत्व और भी बढ़ गया। कुल मिलाकर कहा जाए तो रक्षाबंधन के पर्व बहनों का प्यार भी भाईयों ऊपर उमड़ते हुए नजर आया बहनों ने जहां भाईयों की कलाई राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया। वही भाईयों ने भी परंपरा अनुसार बहनों का मुंह मीठाकर इस परंपरा के निर्वहन करने का भरोसा दिलाया।

## नशा मुक्ति हेतु अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की दिशा-निर्देशन अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एच.आर पदमें एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी द्वारा नशा मुक्ति हेतु सभी अधिकारी कर्मचारी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ रेवती ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ. आशा चौधरी, डॉ. आर. आर. कोचे, नितेश तिरपुडे, सोनाली लोया खानखोजे, ओमप्रकाश वर्मा, जी. के. यादव, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, वेदप्रकाश साहू, अतिथि व्याख्याता डॉ,नीता राजपूत ,डॉ, नौशीन अंजुम, डॉ, येशुकृति हजारे, गौरव तिवारी मनीषा भेडिया, अनिमा मिज, नीलम सिंन्हा, अंकित प्रसाद, शिव मालेकर, तूलिका चक्रवर्ती, डा,राजेश्वरी, डॉ निर्वेद, डॉ गोकुल प्रसाद, बीएस मडावी, नितिन शांडिल्य, केजी सोनकर, संजय तिवारी, विवेक श्रीवास चित्रा खोबरागडे सहित छात्र-छात्राएं उपथित रहे।

## महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति का गठन

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जन शक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में संचालित शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष व सदस्य नियुक्त किया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन उपरांत कलेक्टर एस.जयवर्धन ने महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सदस्य नियुक्त किया है। इनमें शासकीय लाल श्याम शाह शासकीय नवीन महाविद्यालय मोहला के लिए नरसिंह भंडारी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार खोरबाहरा यादव को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रतन तारम, नूतन साहू, अनिल श्रीवास्तव, देवेंद्र शाह अतरामे, कमल कपड़िया को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार शासकीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी के लिए काशी निषाद को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मानपुर के लिए श्रीमती रेणु टांडिया को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मोहला के लिए श्रीमती नम्रता सिंह को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## बेलगांव में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### रघुपति राघव राजा राम के भजन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई



डोंगरगढ़ (दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य श्रीमती कालिंदी तिवारी ने झंडारोहण किया। मिडिल स्कूल प्राथमिक शाला सभी आंगनबाड़ी केंद्र में तिरंगा फहराया गया ग्राम पंचायत में सरपंच छबील राम साहू स्वास्थ्य केंद्र में उप सरपंच रूपा नेतराम कंवर सेवा सरकारी समिति में अध्यक्ष धर्मचंद वर्मा आयुर्वेद औषधालय पशु औषधालय राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर मोंटेसरी स्कूल सुमित्र मंडल सभी जगह राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया।

सुबह गांव में रामधुनिक पार्टी द्वारा ढोलक मंजीरा से रघुपति राघव राजा राम के भजन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई मुख्य समारोह हाईस्कूल ग्राउंड में हुआ जहां पर सभी स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक देश भक्ति गीत नृत्य के साथ दी गई। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश कुमार साहू सरपंच पंच शिक्षक शिक्षिकाएं गांव के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## लोधी समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भोजली महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विष्णु लोधी



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी सोमवार को दुर्ग जिला के ग्राम चीचा में जिला लोधी समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भोजली महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी एवं लोधेश्वर महादेव की तैल चित्र पर पुष्प अर्पित एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लोकसंस्कृति के मूल में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और उसके एकीकरण की भावना की जलधारसंचरित रहती है। इसी तरह का एक पर्व है भोजली जिसे लोधी समाज के व्दारा बड़े ही उत्साह के साथ धुमधाम से मनाया गया।

विष्णु लोधी ने रक्षाबंधन एवं भोजली की बधाई देते हुए कहा भोजली का अर्थ है भूमि में जल हो अर्थात प्रकृति की पूजा, गंगा मैया, भोजली देवी। भोजली गेंहू के पौधे हैं जो श्रावण शुक्ल नवमी में बोए जाते है और भादो की प्रथमा को रक्षाबंधन के बाद विसर्जित किए जाते हैं। भोजली प्रकृति संरक्षण का पर्व है । भोजली- मित्रता और प्रकृति के प्रति समर्पण का मिसाल है। भोजली सुख, शांति एवं समृद्धि का प्रतीक है। विष्णु लोधी ने कहा भोजली विसर्जन का उत्सव दर्शनीय है। माताएं, बहनें अपने सिर में भोजली बोहे तालाब की ओर गीत गाते विसर्जन के लिए जाती हैं एवं अच्छी बारिश व भरपूर फसल भंडार की कामना करती हैं। कार्यक्रम के अंत अतिथियों द्वारा भोजली प्रतियोगिता, लोधी समाज वेशभूषा प्रतियोगिता, सुवा नृत्य, खुर्सी दौड़, रस्सी कस्सा आदि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, अंकेक्षक विमल पटेल, विधायक यशोदा वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष दसमत जंघेल, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगरौर, प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश लोधी, दुर्ग जिला अध्यक्ष बनाऊं वर्मा, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, सर्किल अध्यक्ष नन्दलाल वर्मा, जीवन वर्मा, किशोर वर्मा, अशोक वर्मा, नरोत्तम वर्मा आदि बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# जिले के गांव-गांव में धूमेगा अखण्ड ज्योति रथ

डोंगरगांव (दावा)। गायत्री परिवार का जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी बीते दिनों स्थानीय गायत्री मंदिर में संपन्न हुआ। गोष्ठी में वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी विजन 2026 के कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा गांव-गांव में प्रज्ञा मंडल, महिला प्रज्ञा मंडल, प्रज्ञा युवा मंडल के गठन की रूपरेखा तय की गई।

इसके अलावा जिले में विभिन्न प्रकोष्ठों के लिए कार्यकर्ताओं का मनोनयन किया गया। गोष्ठी में प्रमुख वक्ता व बतौर अतिथि प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के सह संयोजक चम्पेश्वर साहू, उपजोन प्रभारी नंदकिशोर सुरजन, शांतिकुज हरिद्वार प्रतिनिधि जयराम मोटलानी, जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, राजनांदगांव गायत्री मंदिर के पूर्व व्यवस्थापक जुगल किशोर लड्ढा, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी की राज्य प्रभारी श्रीमती रूपाली गांधी, गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा, बाल संस्कार शिक्षा आंदोलन के जिला प्रभारी श्रीमती शीला सोनी, हरिश गांधी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वजलन, स्तुति तथा गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। पश्चात् जिले के विभिन्न ब्लॉकों में युवा मंडल, महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल सहित गायत्री परिवार की गतिविधियों के संबंध में प्रमुखों द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।



**गायत्री परिवार के जिला बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा परिजनों को सौंपे गये अनेक दायित्व**

गोष्ठी में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के सह संयोजक चम्पेश्वर साहू ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा अनेक प्रकार की कार्य योजनाएं प्रेषित की जा रही है, जिसका हम सभी को अपने अपने क्षेत्रों में क्रियान्वयन करना आवश्यक है। उन्होंने आगामी 2026 में वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी समारोह की तैयारी के पूर्व जिले के सभी गांवो में ग्राम प्रवज्या, सुप्तावस्था में रहे गायत्री परिजनों को जागृत करने, तीर्थ ग्राम की परिकल्पना साकार करने, बाल संस्कार शालाओं के अधिकाधिक संचालन सहित अनेक विषयों पर सारगर्भित जानकारी दी। जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने प्रमुख रूप से जिले में अखण्ड ज्योति कलश रथयात्रा के संचालन तथा रूटचार्ट पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी को इस बात की चिंता करनी है कि रथयात्रा से कोई गांव या परिजन वंचित न रह जायें। इसलिए अभी से उसकी रूपरेखा बनाकर गांव गांव में पांच कुण्डीय, नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, मंडलों के गठन आदि पर अधिकाधिक ध्यान दिया जावे। शांतिकुंज हरिद्वारा प्रतिनिधि जयराम मोटलानी व उपजोन प्रभारी नंदकिशोर सुरजन ने भी गोष्ठी में आये हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनमें जोश भरा और यहां से जाकर अपने अपने क्षेत्रों में मिशन के कार्यों के अधिकाधिक विस्तार पर ध्यान केन्द्रित करने की बात कही। वहीं आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी की प्रभारी रूपाली गांधी ने नौनिहालों के लिए प्रकाशित संस्कार से संबंधित पुस्तकों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र गौकरण बसु ने तथा आभार मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने किया।

### विभिन्न प्रकोष्ठों का हुआ पुनर्गठन

जिला स्तरीय गोष्ठी में आगामी वर्षों के लिए जिला स्तर पर विभिन्न प्रकोष्ठों का भी पुनर्गठन कर कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व सौंपे गये। इसके अंतर्गत युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक के रूप में ढालसिंह साहू (राजनांदगांव), बाल संस्कार शिक्षा आंदोलन जिला प्रभारी श्रीमती शीला सोनी (घुमका), व्यसन मुक्ति जिला प्रभारी हरीश गांधी (राजनांदगांव), नारी जागरण आंदोलन जिला प्रभारी श्रीमती अहिल्या साहू (राजनांदगांव), आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी की जिला प्रभारी श्रीमती बुन्देश्वरी साहू (गोड़लवाही) तथा पर्यावरण आंदोलन जिला प्रभारी होरीलाल साहू (चांदो) को नियुक्त किया गया। नियुक्ति पश्चात सभी का श्री मोटलानी जी ने तिलक वंदन कर अभिनंदन किया।

# भर्रेगांव में स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिभावान को किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भर्रेगांव मे 15 अगस्त 2024 को 78 वा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा गांव की गलियों में रैली निकाली गई। इसके उपरान्त हायर सेकेण्डरी स्कूल भर्रेगांव में ध्वजारोहण शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष मनोज चंद्राकार द्वारा किया गया।



सांस्कृतिक गतिविधियों का मंच संचालन नूतन लाल साहू (व्याख्याता) एवं श्रीमती कुसुमकिरण साहू (सहा.शि.विज्ञान) द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज चंद्राकर (एसएमडीसी अध्यक्ष), अध्यक्षता श्रीमती सुलेखा चंद्राकार सरपंच), विशेष अतिथि रोहित चंद्राकर (उपसरपंच), बलभद्र चंद्राकर, दिलीप सिन्हा, विष्णु केशरिया, ओकेश्वर चंद्राकर, कुंज बिहारी चंद्राकर, भरत चंद्राकर, सचिव दीपक वैष्णव, गायत्री कुंभकार, मंदाकनी दुबे, श्रीमति रामेश्वरी निर्मलकर जनपद सदस्य राजनांदगांव के प्रतिनिधि के रुप में नील निर्मलकर, हरीश निर्मलकर आदि उपस्थित रहे। अतिथियों के स्वागत उपरांत बच्चों द्वारा देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। नील निर्मलकर ने सत्र 2023-24 में कक्षा 10वी व 12वी में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कुल 59 बच्चों को पुरस्कृत किया। और अपने संबोधन में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कहा कि बच्चें सालभर कड़ी मेहनत करते हैं जिनका यह छोटा सा सम्मान हैं। इसी प्रकार आगामी वर्ष के लिए भी प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने की बात कही गई। इसी क्रम में रोहित चंद्राकर द्वारा देश प्रेम, एकता और एक अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। और अंत में संस्था के प्राचार्य द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# शिवमय सावन में झूमा छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज

रायपुर (दावा)। अभनपुर छत्तीसगढ़ी अग्र युवा मंच रायपुर इकाई द्वारा 51 पार्थेश्वर रुद्राभिषेक शिवमय सावन आशुतोष अलका मंगल भवन अभनपुर में आयोजित हुआ।

छत्तीसगढ़ी अग्र युवा मंच द्वारा सावन माह में प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी युवा मंच द्वारा 51 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया जिसमें वृन्दावन से पधारे श्री ललितवल्लभ जी महाराज का आगमन हुआ महाराज जी ने अपने सरल एवं सहज वाक्यों से सभी भक्तों का मन मोह लिया साथ सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। सभी भोले भक्तों का मुख्य आकर्षण के रूप में शिव तांडव शिव बारात आदि नृत्य से यजमानों का मन भक्तिमय हो गया साथ ही भव्य महाआरती एवं 56 भोग की भी व्यवस्था की गई थी।




अग्र युवा मंच द्वारा आयोजित 51 पार्थेश्वर रुद्राभिषेक

इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के पदाधिकारी गण वरिष्ठ जन एवं गणमान्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन में दाऊ अमिताभ अग्रवाल जी के साथ, दाऊ सुशील सन्नी अग्रवाल(पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) युवा मंच से दाऊ प्रतीक, दाऊ अंशुल, दाऊ आशीष (मीकू), दाऊ सौरभ, दाऊ नीलेश, दाऊ कुंजबिहारी, दाऊ नितेश, दाऊ अनिल (बंटी), दाऊ नीरज, दाऊ विकास, दाऊ ऋषि, दाऊ नितिन, दाऊ माधव, दाऊ आकाश, दाऊ सुमीत, दाऊ अनमोल, दाऊ शुभम, दाऊ आकाश (अक्कू), दाऊ श्रीजी दाऊ यश, दाऊ मयंक (मिंटू), दाऊ निकेत, दाऊ श्याम रतन, दाऊ मनीष, दाऊ अंकित, दाऊ मयंक (सोंटी), दाऊ विवेक, दाऊ मयंक (निशु), दाऊ प्रत्युष, दाऊ अर्चित, दाऊ प्रज्वल आदि उपस्थित रहे।

# सेवा सह. समिति रानीतराई में विवेक साहू ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ सेवा सहकारी समिति रानीतराई में सांसद प्रतिनिधि विवेक साहू ने गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में पूर्व संचालक सदस्य एवं जनप्रतिनिधि सर्व श्री सरपंच राजेंद्र साहू हाई स्कूल अध्यक्ष नरेंद्र साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व उपसरपंच विष्णु साहू, पूर्व संचालक नोहर साहू, पूर्व सरपंच गुलाब साहू, ओमदाश साहू, उत्तम साहू, देवकरण साहू, दया साहू, ढाल साहू, तोरण साहू, अजय निषाद, गुरुचरण साहू, उपसरपंच जितेन्द्र साहू, गुत्तेश्वर साहू, थनावार साहू, ध्रुव साहू, घनस्याम साहू समिति प्रबंधक रवि यादव आदि उपस्थित थे।



पश्चात हाई स्कूल में ध्वजारोहण अध्यक्ष के द्वारा किया गया। इसके पूर्व गांव में प्रभात फेरी निकालकर गांव का भ्रमण किया गया। अमर शहीद अमर रहे का गगन भेदी नारा लगाया गया। प्रभातफेरी स्कूल पहुंच कर सभा के रूप में प्रणीत हुए। बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम प्रारम्भ था कि महाराजपुर के पास रानीतराई में अध्ययनरत छात्र के सड़क दुर्घटना में मौत होने की सुचना मिलते ही कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया और सभी लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। सांसद प्रतिनिधि विवेक साहू ने शासन प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही करने कहा गया सुरगी चौकी स्टाफ के विलंब पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों को सांता कराया गया। तदोपरान्त स्थिति सामान्य हुई। इस घटना को लेकर आस पास के गांवों में नाराज़गी देखी जा रही है सड़क दुर्घटना से निपटने आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है घटना स्थल पर आस पास के सैकड़ों लोग इकठ्ठा हो गए। सिंघोला से लेकर रानीतराई दुर्घटना जोन में तब्दील होते जा रही है। सड़क में गाड़ी की रफ्तार मुख्य वजह मानी जा रही है वही बच्चों को भी परिवहन नियमों की जानकारी एवं मोटर सायकल सावधानी पूर्वक चलाने प्रशिक्षण देने की जरूरत है। अन्यथा किसी भी की लापरवाही का भुगतान मां बाप व पलक को उठाना पड़ेगा।

# पांचवा सोमवार शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

छुईखदान (दावा)। सावन माह पांचवा सोमवार 19 अगस्त 2024 रक्षाबंधन पर्व पर शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई।

भक्तों द्वारा भगवान भोलेशंकर जी को रक्षाबंधन पर्व पर रक्षा सूत्र राखी बांधी एवं जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, कनेर, फुडहर धतूरा पुष्प श्रीफल आदि भेंट कर कपूर दीप से आरती किये है। रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे.के.वैष्णव ने जानकारी दी कि सावन माह में महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर एवं बजरंग रामायण मंडली जस समिति छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन किया जाता है। शिवालयों सहित शहर में ऊं नमः शिवाय, हर हर महादेव की भक्ति भाव से गूंजित रहा।



भक्त जनों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा, महामृत्युंजय मंत्र जाप, श्री शिव चालीसा पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र पाठ किया जाता है । पं. प्रदीप मिश्रा जी के कथन एक लोटा जल, सभी समस्या का हल से भगवान शिवशंकर के भक्तों में बहुत वृद्धि हुई एवं भक्त जन पूजा अर्चना हेतु कतार में इंतजार करते हैं।

# अटल चौक में किया गया ध्वजारोहण




डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम चारभाठा में अटल चौक प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से तिरंगा ध्वज लिए रैली निकालकर शहीदों को याद कर स्वतंत्रता सेनानियो के जयघोष कर गूंजते हुए नारों के साथ ध्वजारोहण कर मनाया गया।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गिरवर साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष हनुमानदास, रोहित साहू ,पीतम, कार्तिक राम, श्रीराम चंद्रवंशी, हेमप्रकाश मेघनाथ, मुकेश साहू, मुरलीसाहू, मोनू साहू, हिमांशुदास ऋषिराज खोमेश, पीतांबर दुष्यंत, अजय, रूपेश, तेजेश दुर्गेश, चंद्रशेखर गोलू, चेनल पुशु, प्रियांशु, भूपेंद्र, उमेश दानू, गिरजाशंकर एवं समस्त ग्राम के प्रमुख बंधुगण उपस्थित हुए।

# कबड्डी प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे खुज्जी विधायक भोलाराम साहू



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू विधानसभा क्षेत्र 77 खुज्जी के ग्राम कहाड़कसा विकासखंड अं.चौकी में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में पहुंचे।

इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर जनसमूह एवं खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए खेल को मानव जीवन के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अहम हिस्सा बताया। इस दौरान उदयराम साहू, अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस कमेटी, बेनीप्रसाद साहू सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी, श्रीमती सतरूपा चंद्रमा सरपंच, प्रताप धावडे, गोपाल पाल, लोकेश पाल, श्रीमती नुतन पाल, श्रीमती नीलम मांडवी, श्रीमती कामता मांडवी, जगोली राम साहू, चंदू मांडवी, ओपी पाल, श्रीमती अनिला लाड़ेश्वर, श्रीमती सुमित्रा लाड़ेश्वर, श्रीमती कमल बाई, धर्मेंद्र कोरे सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# मलपुरी में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम मलपुरी में ध्रुव गोड़ आदिवासी समाज द्वारा नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दिन सुबह 11 बजे गोड़वाना भवन मलपुरी से कलश यात्रा निकाला गया जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए, कलश यात्रा ग्राम-मलपुरी का भ्रमण कर आदिवासी भवन पहुँचे जहा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला नेताम, अध्यक्षता प्रहलाद उइके विशिष्ट आतिथि श्रीमती अन्नपूर्ण नेताम, नारायण कोड़प्पा, बरसन लाल नेताम, जनपद सदस्य पिताम्बर कतड़लाम, ईश्वरी मण्डावी शिक्षक, सनद ठाकुर, संतोष ठाकुर, योगेश कुमार कोर्राम एवं शिव कुमार सेवता उपस्थित थे।

# वृद्धाश्रम, दिव्यांगो की संस्था अभिलाषा तथा मूकबधिर बच्चों की संस्था आस्था में ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी





पी.टी.एस. 8 वी बटालियन, तथा थानों में व तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों को तथा जिला जेल के बंदी भाईयों को ब्रह्माकुमारी बहनों राखी बांधी

राजनांदगांव (दावा)। ब्रह्माकुमारीज द्वारा रक्षाबंधन का पावन पर्व बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। ब्रह्माकुमारीज के ''ज्ञान मानसरोवर'' में रक्षाबंधन के दिन संस्था के हजारों भाई बहने राखी बंधवाने पहुंचे साथ ही पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव भी पधारे। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने सभी ब्रह्मावत्सों को परमपिता परमात्मा शिव के महावाक्य सुनाये।

साथ ही परमात्मा का रक्षाबंधन के निमित्त शुभ संदेश सुनाया गया। इसके बाद रक्षाबंधन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। रक्षाबंधन के दिन पुष्पा दीदी जी ने कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत, जितेन्द्र मुदलियार,पूर्व मंत्री धनेश पटिला, समाजसेवी दामोदर दास मूंदड़ा, श्रीमती शीला कोठारी, श्रीमती विमलेश शुक्ला के निवास स्थान पर जाकर राखी बांधी। कार्यक्रम में शीतलेश पटेल डॉ. नरेन्द्र गांधी, अरुण गुप्ता, अशोक चौधरी, हरीश गाँधी, मोहन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, नरेन्द्र लोहिया, किशोर पंजवानी, अमलेंदु हाजरा, दिनेश भट्टर, भागचंद सोमानी, कृष्ण कुमार द्विवेदी, श्रीमती शशी गट्टानी सहित अनेक गणमान्य जन राखी बंधवाने पहुंचे।

# संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया ध्वजारोहण



राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के 78वीं वर्षगाँठ के अवसर पर क्षेत्र की अग्रणी संस्था सस्कार सिटी इंटरनेशनल जोर-शोर व उत्साह के साथ प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी जी, अशोक पारख एवं शाला प्रशासक विकास जोशी के द्वारा ध्वाजारोहण किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्या ने विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया साथ ही साथ भारत माता व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपने स्तर पर स्कूल, जिला, संभाग, राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर बढ़ते रहने की सलाह दी।

स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ के अवसर पर शाला के नन्हें-मुन्हें बालक बालिकाओं द्वारा आकर्षक देशभक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। मनोरंजन के इसी क्रम में कक्षा पहलीं के विद्यार्थियों के द्वारा देशभक्ति नृत्य तथा विद्यार्थियों के द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल (अध्यक्ष), अतुल देशलहरा (सचिव) ने भी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का सामपन्न मिठाई वितरण से हुआ।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में हुआ ध्वज वंदन

**राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वज फहराकर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम किया गया द्य महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा तिरंगा रैली निकाला गया द्य जिसमें देशभक्ति नारे के साथ युवाओं ने देश भक्ति का माहौल बनाया।**




आयोजन में महाविद्यालय के संचालक बी.एस.भाटिया, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन की उपस्थिति प्रमुख रही द्य कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति के रंग में रंग गए और देश भक्ति का वातावरण बनाया द्य देश के लिए अपार बलिदान, साहस और एकता हमारे क्रांतिकारियों ने जो दिखाया है, उन्हें स्मरण किया गया, जिनकी बदौलत यह आजादी हमें मिली है।

डायरेक्टर बी.एस.भाटिया व डॉ.मनीष जैन ने कहा कि यह उस आजादी का जश्न है जिसे हमारे सेनानियों ने दो सौ वर्षों के संघर्ष के बाद प्राप्त किया था। इसी दिन ब्रिटिश हुकूमत की बेड़ियों में जकड़ी भारत मां को मुक्ति मिली थी। हम हमारे महान क्रांतिकारियों के बलिदान को याद कर उन्हें नमन करते। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम वह माध्यम है जिसमें छात्र नृत्य, देशभक्ति गीत, भाषण द्वारा अपने को मिले आजादी पर गर्व करते हुए एक स्वतंत्र राष्ट्र का हिस्सा मानते हैं द्य हमारे नव स्वाधीन राष्ट्र की यात्रा की गंभीर बाधाओं को याद करते हैं , और भारत को विश्व पटल पर अपना गौरवशाली स्थान पुनः प्राप्त करने हेतु प्रयास के लिए प्रेरित होते हैं।

नर्सिंग की प्राचार्य रूबी दान एवं संचालक संजय अग्रवाल ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों से महाविद्यालय में देशभक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था छात्रों ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान, सैनिकों के संघर्ष, युवा क्रांतिकारियों के समर्पण, को प्रस्तुत किया। आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं एनएसएस के विद्यार्थी सहित बीएड तथा नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं के बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# मोहद्दीस-ए-आजम मिशन स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस



राजनांदगांव(दावा)। मोहद्दीस ए आजम मिशन स्कूल, पेंड्री में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सबेरे 10 बजे जनाब विहक्ल राव (पोर्टेस्टियन ईसाई समाज के अध्यक्षए रिट असिस्टेंट डायरेक्ट शिक्षा विभाग) के हाथों से ध्वजरोहण किया गया। सभी ने उल्लास से राष्ट्र गान गाया, बच्चों के द्वारा देशभक्ति से प्रेरित गीत प्रस्तुत किया गया और सभी को मिठाई बांटी गई। मुख्य अतिथी ने बच्चों को स्वतंत्र भारत और प्रतत भारत में फर्क समझया। उन्होंने स्वतंत्रता के फायदे और नागरिकों के अधिकार समझाये। कार्यक्रम में संस्था के फाउंडर जनाब हाजी हसन अली, अध्यक्ष जनाब हाजी तनवीर अहमद, जनाब आसिफ अली, आरिफ अली, सैय्यद अली अहमद, अय्यूब खान, अफसर खान, ताहिरा अली. डॉ. अस्मिन निशा मौजूद रहे।

# श्रावण के अंतिम सोमवार को बाबा महाकाल की पालकी यात्रा में भक्तों का रहा सैलाब

○ रास्ते भर बाबा महाकाल के स्वागत में भक्त जन बिछाए रहे पलक- पांवड़े
○ गंज चौक में आतिशबाजियां व पुष्प वर्षा कर बाबा महाकाल व शोभायात्रियो का हुआ भव्य स्वागत, अभिनंदन



राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला के दरबार में पूजा-पाठ सहित शिव शक्ति के मिलन के साथ शुरू की गई बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा में पूरा शहर उमड़ पड़ा। पालकी यात्रा में शहर सहित पूरे जिले भर के महाकाल भक्तों का सैलाब रहा। इस दौरान बाबा महाकाल के दर्शन के लिए हजारों की संख्या नर-नारी, बाल-वृद्ध सभी उमड़ पड़े वहीं बाजे-गाजे के साथ निकली बाबा की पालकी को कांधा देने के लिए भक्तो का तांता लगा रहा। सबसे पहले माता देवाला में त्रिशूल स्थापना सहित जिले के सांसद संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख आदि द्वारा बाबा महाकाल व मां शीतला की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान झांझ मंजीरो की झंकार व शंख निनाद सहित जय-जय महाकाल की गूंज के साथ निकली शोभायात्रा का नेतृत्व सासंद श्री पांडे, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, श्रीमती देशमुख, महाकाल सेवक पवन डागा, नीलू शर्मा, राजू डागा, राजा माखीजा, आलोक बिंदल, संजय तेजवानी, राजकुमार बाफना भाई आदि कर रहे थे। बाबा महाकाल की पालकी यात्रा में आदिवासी नृत्य, राऊत नाचा, आंगा देव नृत्य व भगवान श्री राम, वीरवर हनुमान एवं बाबा महाकाल के गण, भूत-प्रेत अघोरियों का रुप धरे कलाकारों का प्रदर्शन लोगों के आकर्षण के केंद्र रहे वही बाबा महाकाल शिव की विराट प्रतिमा भी आकर्षक का केन्द्र बना रहा।

**0 स्वागत के लिए उमड़ा शहर**

सावन सोमवार को रक्षाबंधन के पुनित अवसर पर शहर में पूरी श्रद्धा- भक्ति के साथ निकली बाबा महाकाल पालकी यात्रा के स्वागत के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा। जमात पारा से लेकर मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, भारत माता चौक व गंज लाइन सहित गंज चौक व लोहारपारा रोड में छ.ग. चेंबर ऑफ कॉमर्स, सकल जैन समाज, कोसरिया यादव समाज, दक्षिण ब्लाक कांग्रेस, सन् टू ह्यूमन फाउंडेशन, साहू समाज, सेन समाज, महाराष्ट्रीयन तेली समाज, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आदि विभिन्न संस्था-संगठनों द्वारा लगाए गए स्टाल में शोभायात्रियों की हलवा-पूरी, पोहा, चाकलेट, बिस्किट शीतल जल आदि से सेवा की गई। इस दौरान बाबा महाकाल की हार फूल पहनाकर तथा पूजा अर्चना कर सेवा की और जय- जय महाकाल का नारा लगाते हुए शोभायात्रियों पर फूल बरसाए। लोगों ने श्रावण मास के अंतिम सोमवार को बाबा महाकाल का दर्शन कर धन्यवाद का अनुभव किया।

**0 गंज चौक में आतिशबाजी के साथ पूजा-आरती**

शहर के गंज लाइन क्षेत्र में पालकी यात्रा पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी बाजी कर बाबा महाकाल का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रियों पर फूलों की वर्षा की गई। सिद्ध पीठ बालाजी धाम में बाबा महाकाल की पालकी जाते समय भक्तों में खासा उल्लास रहा। अपने जन्मदिन अवसर पर बाबा महाकाल की पालकी यात्रा का स्वागत करने खड़े वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, देव शरण सेन, अनूप श्रीवास, किसुन यदु, पुरुषोत्तम गांधी, विजय हरिहारणो, रणवीर वाधवा, पार्षद राजेश जैन, सूर्यकांत जैन, भागवत साहू, सुनील अग्रहरि, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, पप्पु अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल आदि भक्त जनों ने बाबा महाकाल की पूरी श्रद्धा भक्ति से पूजा अर्चना की। यात्रा के आगे बढ़ते ही गंज चौक में युवा व्यवसायी आशीष गुप्ता (मुन्ना) व गुप्ता परिवार द्वारा पुष्प वर्षा कर सैकड़ों दीपों से बाबा महाकाल की भव्य पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान वहां सजाए गए बाबा महाकाल की जगमग करती दर्जनों पगड़ियां आकर्षण का केंद्र रही। इस नयनाभिराम दृश्य को देखने गंज चौक मे हजारों की भीड़ उपस्थित रहीं। देर शाम यहां से आगे बढ़ कर बाबा की पालकी यात्रा लोहार पारा होते काली माई मंदिर पहुंची जहां एक बार फिर पूजा अर्चना के साथ शिव शक्ति का मिलन होने पश्चात श्रावण मास के पांच सोमवार तक चली आ रही पालकी यात्रा का समापन हुआ।

# आज से श्री दासी श्याम प्रभु की भव्य त्रि-दिवसीय जयंती

0 शहर में श्री दासी श्याम प्रभु के भक्तों का होगा जमावड़ा
○ बहेगी श्री श्याम प्रभु के भक्ति रस की गंगा



राजनांदगांव (दावा)। शहर में आज 21 अगस्त बुधवार से श्री दासी श्याम प्रभु की त्रिदिवसीय जयंती श्री श्यामकुटी एवं श्री दासी श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा तीन दिवसीय जयंती कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। श्री दासी श्याम प्रभु के भक्तों द्वारा इसकी भव्य तैयारियां की गई है। बताया गया है कि जयंती के प्रथम दिवस श्री श्यामकुटी में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक सत्संग, भजन, कीर्तन एवं दोपहर के भोजन प्रसादी के पश्चात रात्रि 9 बजे से स्टेशन पारा शक्तिधाम में गणेश शर्मा, राजेश शर्मा, श्याम शर्मा, राधिका शर्मा की भजन संध्या कार्यक्रम रात्रि 12 बजे तक आयोजित है।

बता दें कि जयंती भादो बदी की चौथ को श्री खाटूश्याम प्रभु एवं उनकी शक्ति जिन्हें उनके भक्तगण अपनी प्यारी गुरू मां के नाम से पुकारते उनके मिलन को जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह 25वीं जयंती होगी और पूरे साल भर उनके भक्तगणों को जयंती उत्सव का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। अब भक्तों के इंतजार के घड़िया समाप्त हुई। जयंती पर्व के लिए गैंदा, गुलाब, रजनीगंदा, चम्पा, जुही तथा अन्य फूलों से पूरे शक्तिधाम को एवं श्री श्यामकुटी को बहुत ही मनमोहक व आकर्षक रूप से सजाया गया है और लाईट की झालरों से भी श्रृंगार किया गया है। जयंती पर्व के लिए दुर्ग, भिलाई, रायपुर, भाठापारा, बिलासपुर, शक्ति, रायगढ़, शहडोल, कटनी, टाटानगर, कलकत्ता, झारसुगड़ा, वृंदावन, बैंगलोर, बालाघाट, पुणे, अकोला से भक्तगणों आने का सिलसिला शुरू हो गया है। श्री श्यामकुटी में जयंती पर्व के लिए अपनी सेवा देने वाले तथा आने वाले भक्त अपने आप को बड़ा धन्य मानते है कि श्री गुरू मां ने उन्हें ने अपने धाम बुलाकर सेवा प्रसादी दी है और जयंती पर्व का आनंद देने के लिए उन्हें बुलाया है। श्री श्यामकुटी में श्यामप्रभु की स्थापना को 50 वर्ष हो गये है और इन 50 वर्षों में स्थानीय भक्तगण बगीचों से फूल चुनकर लाने, फूलों की सुंदर मनभावन माला बनाने वाले, प्रभु के स्वादिष्ट व्यंजन, मिठाई बनाने वाले भक्तगण, भजन तथा गुरूवंदना लिखने वाले भक्तगण, भजन गाने वाले भक्तगण, ढोलक-तबला, कैसिनो, झांझ-मंजीरा आदि साज बजाने वाले भक्तगण, प्रभु के भोग के लिए मिठाई व नमकीन लाने वाले भक्तगण, सभी तरह के भक्तगणों श्यामकुटी में अपनी सेवाओं की महारत हासिल कर लिए है। इस तरह श्री श्यामकुटी में सभी तरह के कलाकार हो गये है। स्थानीय व बाहरी भक्तगण श्री गुरू मां के प्यार, कृपा व दया से सभी को एक सूत्र में पिरो दिया है। वे साल भर कही भी रहे लेकिन जयंती पर्व पर अपनी उपस्थिति अवश्य देते है और अपने सारे सुख-दुख में सबसे पहले अपनी प्यारी श्री गुरू मां को ही याद करते है। महाराष्ट्र अकोला से 8 बार के विधायक रहे गोवर्धन शर्मा तथा वृंदावन से भागवत किंकर, अनुराग कृष्णा शास्त्री भगवताचार्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है। जयंती के तीन दिन सभी भक्तजन तन-मन-धन के साथ-साथ अपनी-अपनी मानसिक सेवा भी करते है। जयंती पर्व में आने से पूर्व श्री श्यामकुटी एवं श्री दासीश्याम मंडल के भक्तजन अपने-अपने शहरों में आने से पहले अपने निवास स्थान पर जंयती पर्व को अपनी मंडली के साथ मनाकर फिर राजनांदगांव आते है।

# आज राजनांदगांव बंद से छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने हाथ खींचा

○ शहर में खुले रहेंगी व्यवसायियों की दुकानें, चालू रहेंगे व्यवसाय



राजनांदगांव (दावा)। आज शहर में किए जाने वाले राजनांदगांव बंद को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स में समर्थन देने से हाथ खींच लिया है। उनका कहना है कि चेंबर किसी भी संस्था संगठन द्वारा किए जाने वाले राजनांदगांव बंद का समर्थन नहीं कर रही है।

चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री राजा माखीजा, आलोक बिंदल, राजू डागा, सूरज खंडेलवाल, संजय तेजवानी, अमित खंडेलवाल, अख्तर रिजवी, प्रदीप जायसवाल, सैयद हाफिज, श्रेयांस भंसाली द्वारा कलेक्टर व एसपी को सौंप गए ज्ञापन में कहा गया है कि अनु. जाति/जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा 21 अगस्त को भारत बंद के तहत राजनांदगांव बंद के आह्वान हेतु एक पत्र उनके द्वारा प्रेषित किया गया है। जिसमें उन्होंने सहयोग की अपील की है। उक्त संदर्भ में कहा गया है कि छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज किसी भी तरह के बंद का समर्थन नहीं करती है। इसलिये हमारे द्वारा किसी तरह की कोई सूचना बंद को लेकर नहीं दी जा रही है। साथ ही ज्ञापन में कहा गया है कि एक प्रपत्र नवाब सतपाल तंवर (भीमसेना प्रमुख) द्वारा स्थान का नाम दिये गये बगैर व्हॉट्सअप ग्रुप में प्रसारित किया गया है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उनके द्वारा जबरदस्ती (बलात) बंद कराने कि योजना बनाई गई है। अगर किसी दुकानदार द्वारा उनका सहयोग नहीं करने पर उसके साथ जानमाल की हानि हो सकती है। उक्त पत्र में चेंबर द्वारा निवेदन किया गया है कि इस बंद के दौरान उपस्थित होने वाली इस तरह की परिस्थितियों की ओर विशेष ध्यान देते हुये प्रशासन द्वारा व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था मुहैय्या कराई जाए। चेंबर द्वारा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से व्यापारियों से पूर्ववत् स्नेह, सहयोग, मार्गदर्शन एवं शीघ्र कार्यवाही सादर अपेक्षा की गई है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं



जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य अपनी समस्याएं लेकर जनदर्शन में आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। उन्होंने आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

जनदर्शन में आज घुमका तहसील के ग्राम पटेवा निवासी सुशन वर्मा ने अपनी पत्नी के आकस्मिक मृत्यु होने पर बीमा राशि प्रदाय के लिए आवेदन किया। शंकरपुर राजनांदगांव के वासुदेव सिन्हा ने राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व अभिलेख में नाम दुरूस्त करने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख को जन्मदिन की बधाई देने लगा तांता





राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा खूबचंद पारख का जन्मदिन आज बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गंज लाइन में स्थित गौतम भवन में बड़ी संख्या में लोग गुलदस्ता और माला पहनकर स्वागत किया गया। श्री पारख ने सभी के साथ जन्मदिन के अवसर पर केक काटे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसदद्वय बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडे सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनेक विधायकगण, मंत्रीगण के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, पूर्व सांसद मधुसुदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सुरेश लाल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, नगर निगम के पार्षदगण, भाजपा के समस्त पदाधिकारीगण, विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, जिला मुरमुरा-पोहा संघ के समस्त व्यापारिकगण, राइस मिल व्यापारी संघ, मंडी के सारे व्यापारीगण ने बधाई दी। श्री पारख के निवास स्थान पर खूबचंद पारख के छोटे भाई गौतम पारख, समस्त परिवार ने सभी जनों का स्वागत किया। मदन पारख के अलावा खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, मोहला, मानपुर, अं. चौकी जिले से बड़ी संख्या में जन्मदिन पर स्वागत करने के लिए लोग पहुंचे।

# सावन सोमवार के पावन दिवस पर महाकाल त्रिशुल का हुआ अनावरण



भगवान चंद्रमौलेश्वर बने साक्षी, महाकाल भक्तों की बडी तादात में रही उपस्थिति

राजनांदगांव (दावा)। महाकाल भक्तों की मांग पर उनकी भावना के अनुरूप नगर निगम द्वारा भव्य महाकल त्रिशुल का निर्माण कर सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर में स्थापित किया गया, जिसका आज सावन मास के अंतिम दिन सावन सोमवार के पावन अवसर पर भगवान चंद्रमौलेश्वर को साक्षी मानकर महाकाल भक्तों की अपार भीड के बीच पूजा अर्चनाकर महाकाल के परम भक्त पवन डागा द्वारा विधिवत अनावरण किया गया। अनावरण अवसर पर सांसद संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्था की ब्रम्हकुमारी पुष्पादेवी सहित पूर्व सांसद अशोक शर्मा व मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, पूर्व निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया, वरिष्ठ नेता किशन खण्डेलवाल व थानेश्वर पाटिला के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण भागचंद साहू, मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, विनय झा, गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य अमीन हुद्दा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता व शरद पटेल, पूर्व पार्षद गुरूमुखदास वाधवा, श्रीमती शारदा तिवारी व श्रीमती माया शर्मा, देवेश देवांगन, पूर्व नामांकित पार्षद एजार्जुर रहमान, मामराज अग्रवाल व प्रभात गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि दुर्गेश यादव व राजेश यादव सहित महाकाल भक्त बडी संख्या में उपस्थित थे।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने त्रिशुल अनावरण अवसर पर सावन सोमवार व रक्षाबंधन की बधाई देते हुये कहा कि महाकाल भक्त पवन डागा एवं महाकाल सेना व भक्तों की मांग थी कि मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक कर वहा भव्य महाकाल त्रिशुल की स्थापना की जावे। मांग अनुसार नगर निगम द्वार त्रिशुल लगाने प्रक्रिया की गयी किन्तु मानव मंदिर चौक में यातायात एवं अन्य तकनिकी अड़चन के कारण सिद्ध पीठ माता देवालय में त्रिशुल की स्थापना की गयी। जिसका आज सावन के अंतिम दिन सावन सोमवार के पुनित दिवस पर महाकाल भक्त पवन डागा के हाथों अनावरण किया गया।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बाबा महाकाल की चंद्रमौलेश्वर यात्रा भी शीतला मंदिर से आज नगर भ्रमण के लिये प्रारंभ हो रही है यह परम सौभाग्य की बात है कि भोलनाथ के इस विशाल त्रिशुल के अनावरण का बाबा चंद्रमौलेश्वर भी साक्षी बने। उन्होंने कहा कि महाकाल भक्तों की मंशानुरूप एवं धार्मिक भावना के आधार पर 25 फीट के 14 सौ किलो वजनी पंचधातु से त्रिशुल का निर्माण किया गया है।

सांसद श्री पाण्डे ने इस अवसर पर सावन सोमवार तथा सावन मास के अंतिम दिन भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में बड़ी तादात में उपस्थित महाकाल भक्तों को बधाई देते हुये कहा कि भगवान चंद्रमौलेश्वर की अंतिम पालकी यात्रा आज माता शीतला मंदिर के दरबार से निकाली जा रही है, इस पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ का शस्त्र त्रिशुल जिसे भव्य रूप में डमरू युक्त निर्माण कर इस पवित्र भूमि में स्थापित किया गया, जिसके लिये सभी महाकाल भक्त बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि आज भाई बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन भी है, इसकी भी मै बधाई देता हूॅ।

महाकाल भक्त पवन डागा ने कहा कि सावन मास के अंतिम सोमवार के पावन दिन आज भोलेनाथ के भव्य त्रिशुल का अनावरण किया जा रहा है, जिसके लिये मै महापौर श्रीमती हेमा देशमुख एवं निगम परिवार का धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅ। उन्होंने कहा कि महाकाल सेना की इच्छा अनुरूप त्रिशुल लगाने की मांग की गयी थी जो आज पूर्ण हुई और शीतला माता के मंदिर में आज इस पवित्र दिन में स्थापना की गयी। उन्होंने भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में उपस्थित महाकाल भक्तों को त्रिशुल स्थापना की बधाई देते हुये उपस्थिति पर आभार व्यक्त किया। अनावरण अवसर पर बड़ी संख्या में महाकाल भक्तगण उपस्थित थे।

# दामू भूतड़ा बने बाल समाज गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष





राजनांदगाव (दावा)। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी बाल समाज गणेश उत्सव समिति की बैठक श्री बाला जी मंदिर गंजलाईन मे रखी गई जिसमें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश पर्व धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें विर्सजन झांकी गणपति मेला एवं बैलदौड का कराने का निर्णय लिया गया है। बाल समाज के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में दामू भूतडा को बाल समाज का अध्यक्ष सर्व सम्मति से बनाया गया। दामू भूतडा के अध्यक्ष बनने के बाद प्रसिद्ध गणेश मूर्तिकार स्व. पाण्डुरंग, बाल समाज के संरक्षक स्व भंवरलाल गांधी, स्व. पुरुषोत्तम खण्डेलवाल एवं युवा पूजा प्रभारी के सदस्य स्व. अंश खण्डेलवाल को दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए श्रद्धाजंलि दी गई।

साथ ही बाल समाज गणेश उत्सव समिति के आयोजन के लिए निम्न पदाधिकारी की घोषणा की गई अध्यक्ष दामु भूतड़ा उपाध्यक्ष कैलाश राठी, विकास अग्रवाल, गुच्ची जैन, सचिव नीरज माहेश्वरी कोषाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल सहसचिव राघव गांधी, ऋषभ नाहटा पूजा प्रभारी तनमय, आकाश चौरसिया गंधर्व हुंका, राहुल अग्रवाल सारांश खण्डेलवाल प्रथम चितलांग्या, अबीर खण्डेलवाल, कृष्णा संरक्षक खुबंचद पारख, श्रीकिशन खण्डेलवाल, नत्थूलाल अग्रवाल, नंदलाल राठी, मूलचंद मुरारीलाल डागा, मोहन अग्रहरि, कमलकिशोर पोरवाल, सूर्यकान्त चिन्तलांग्या डॉ. पुखराज बाफना, बीसन अग्रवाल अशोक कुमार डागा, राजेन्द्र लढढा, संतोष हुंका, सुभाष हुंका, अनिल अग्रवाल अजीत जैन, दिनेश जिन्दल, पुरुषोत्तम गांधी, ताराचंद नाहटा, अनिल गुप्ता कैलाश हुंका, ईश्वर अग्रवाल, राजेश जिन्दल, अशोक पाण्डे, राजेश चितलाग्या पवन डागा, वरिष्ठ सदस्य- सचिन अग्रहरि, पवन डागा, नंदू भूतड़ा, राजू खण्डेलवाल, सुरेश पोरवाल, मनीष खण्डेलवाल, दीपक गांधी, रोशन गोलछा सूर्यकांत जैन रानु जैन, मनोज बैद, गोपाल शर्मा, गोपाल भटटड, सुनील उभरानी, रतन गिडिया, सुरेन्द्र लोहिया, सागर चितलांग्या, श्रीमति मधु बैद झाकी प्रभारी मदन राठी, सुजीत मित्तल, विक्की झांझरी भरत साहू, गोपाल खण्डेलवाल, पराग हुंका, मोहन मेश्राम, राजकुमार गांधी सुरज खण्डेलवाल, आलोक जैन, (लल्ली) रमेश बाफना बबली नाहटा, पुरुषोत्तम भूतडा, मीनू जैन, रतन गांधी हीरा माहेश्वरी, मनोज अग्रवाल, राजू डागा, रमेश राठी नन्दू जैन, गुड्डू जैन, अरूण चोपडा, जीतू चोपडा, राजू पोरवाल बंटी जैन, मनोज पींचा हेतेन्द्र तिवारी, सिद्धार्थ मित्तल, रुपेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना मार्च निकाला, श्रद्धांजलि अर्पित कर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



गांधी सभागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के पश्चात राजीव फैंस क्लब के बैनर तले सुबह स्कूली बच्चों के साथ सद्भावना मार्च ने शहर भ्रमण किया। इसके साथ ही गांधी सभागृह में स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के 15 स्कूलों ने हिस्सा लिया। जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 21वीं सदी के उन्नत भारत के लिए प्रोद्योगिकी क्रांति के स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी को नमन किया गया।

राजीव फैंस क्लब के संरक्षक व कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने बताया कि, प्रतिवर्ष राजीव गांधी की जयंती पर यह आयोजन किया जाता रहा है। मंगलवार की सुबह म्यूनिसपल स्कूल में सभी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों और त्याग पर संबोधित किया गया। इसके बाद यहां से सद्भावना मार्च निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल थे। शहर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए मार्च वापस यहीं पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके कुछ ही देर बाद गांधी सभागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 15 स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। गीत गायन और देशभक्ति की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में नौनिहालों ने भारत की एक अलग अद्भुत छवि प्रस्तुत की। नृत्य में नीरज पब्लिक स्कूल को प्रथम पुरस्कार मिला। दूसरा स्थान अजीज इंग्लिश मीडियम स्कूल और तीसरा स्थान गायत्री पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ। इसी तरह गीत में प्रथम नीरज पब्लिक स्कूल, दूसरा अजीज पब्लिक स्कूल और गायत्री विद्यापीठ को तीसरा स्थान मिला। विजेताओं को वरिष्ठ नागरिक श्रीकिशन खंडेलवाल व श्रीमती रोहिणी जितेंद्र मुदलियार द्वारा पुरुस्कार प्रदान किए गए।

इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, कुतुबुद्दीन सोलंकी, इकरामुद्दीन सोलंकी, जितेंद्र मुदलियार, रमेश डाकलिया, अशोक फडणवीस, राकेश जोशी, मामराज अग्रवाल, सूर्यकांत जैन, नरेश शर्मा, प्रेमरूप चंदानी, फिरोज अंसारी, कदीर कुरैशी, शेख शकील, राजिक सोलंकी, चेतन भानुशाली, अमित कुशवाहा, मयंक सोनी, शेख आसिफ, अभिषेक यादव, नितिन बत्रा, वीरेंद्र, राकेश चंद्राकर, राजा यादव, आदित्य वैष्णव, उज्जवल निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ललित ठक्कर ने किया।

**कार्यक्रम से बच्चों की कला में निखार आयेगा- रोहिणी जितेंद्र मुदलियार**

श्रीमती रोहिणी जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि 38 वर्षों पूर्व शहीद उदय मुदलियार द्वारा राजीव फैंस क्लब का गठन किया गया था, तब से लेकर आज तक भारतरत्न राजीव जी की जयंती पर बच्चों को प्रोत्साहित करने एवं देशभक्ति का जज्बा पैदा करने यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें इस वर्ष 15 स्कूलों के बच्चों ने अपना रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। श्रीमति रोहिणी ने कहा यह सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के अंदर छिपी कला को उभारने का कार्य करेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com